श्रीकमला-कल्पतरु

पुष्प ३

'श्री-सूक्त' विधान एवं प्रयोग

वन्दे लक्ष्मी
क्षीर-समुद्र-राज-तनया
श्रीरङ्ग-धामेश्वरि!

प्रकाशक : परा-वाणी आध्यात्मिक शोध-संस्थान
श्रीचण्डी-धाम, अलोपी-देवी मार्ग, प्रयाग-२११००६

मुम्बई-शाक्त-सम्मेलन
(आठवाँ अधिवेशन)

संक्षिप्त विज्ञप्ति

परब्रह्म-रूपा
श्री श्रीविद्या की साधना

'**मुम्बई-शाक्त-सम्मेलन**' के आठवें अधिवेशन के प्रथम सत्र में भोजनावकाश के उपरान्त **श्री रमण भाई, श्री रमणीक भाई, श्री शशाङ्क दवे, श्री उपाध्याय जी, श्री जयरामन जी, श्री गोपाल जी अय्यर, श्री वेणीमाधव जी त्रिपाठी** आदि ने उपस्थित शाक्त-साधकों को अपने अमृत-वचनों से लाभान्वित किया। अपने अध्यक्षीय भाषण में वरिष्ठ शाक्त-साधक **श्री अय्यर जी** ने अंग्रेजी मिश्रित जन-भाषा में **यन्त्र-मन्त्र-तन्त्र** की व्याख्या की। बीच में मधुर भजन चलते रहे।

दूसरे दिन पुनः उसी सभागार में **भगवती के पूजन-अर्चन-आरती** के उपरान्त **गुरु-वन्दना** एवं **स्वागत-गान** के पश्चात् विद्वान वक्ताओं ने अपने अमृत-वचनों से सभागार को गुञ्जित किया। दक्षिण-भारतीय साधक **श्री अय्यर जी** द्वारा रचित पुस्तिका '**वेदिक-व्यू-ऑफ-लाइफ**' का लोकार्पण हुआ तथा **भगवती गायत्री के मन्त्र, मन्त्रार्थ उसकी सर्व-ग्राह्य अनिवार्यता** पर साधकों को विशेष उद्बोधन प्राप्त हुआ।

तदुपरान्त पुनः भोजनावकाश के पश्चात् **श्री सत्येन्द्रकुमार सिन्हा, श्री नाबरिया जी, श्री रावल जी** ने अपने विचार साधकों के समक्ष रखे। इसी क्रम में मूर्धन्य-शाक्ताचार्य **श्री विष्णुपन्त जी उपाध्याय,** ने **श्री श्रीविद्या-नवावरण अर्चन** पर अपना अत्यन्त वैदुष्य-पूर्ण उद्बोधक प्रवचन किया। **श्री गोपाल जी अय्यर** ने भी अपना सार-गर्भित प्रवचन अंग्रेजी में दिया, जिसमें **श्रीविद्या** के सिद्धान्तों एवं आधुनिक भौतिक विज्ञान का अद्वितीय समन्वय हुआ।

द्वितीय दिवस के सभापति **श्री जयरामन जी** ने अपने विद्वत्ता से ओत-प्रोत प्रवचन में '**श्री ललिता-सहस्त्रनाम**' में उल्लिखित भगवती के कई नामों की व्याख्या करते हुए **परब्रह्म-रूपा श्री श्रीविद्या की साधना की सर्वोच्चता और सर्व-ग्राह्यता** पर प्रकाश डाला तथा उपस्थित शाक्तों को साधकोपयोगी कई निर्देश भी दिए।

सम्मेलन का वातावरण ऐसा भाव-पूर्ण हो गया कि मुख्य अतिथि **श्री ऋतशील शर्मा जी** पुनः अपने भावोद्रेक को न रोक सके और सञ्चालक महोदय की अनुमति लेकर अपने विचारों को व्यक्त करने लगे। **शर्मा जी** ने **सम्मेलन** को सफल बताते हुए **गुजरात** एवं **महाराष्ट्र** की **प्राचीन शाक्त परम्पराओं** के उद्घाटन एवं **श्री गणपतराम दवे, श्री अयङ्गर जी** एवं **शिव-स्वरूप गुप्तावतार बाबाश्री** की वाणी को जन-जन तक पहुँचाने के लिए उपस्थित शाक्त-समाज का आह्वान किया तथा **मुम्बई-शाक्त-सम्मेलन** के कार्य-कर्त्ताओं के सेवा-भाव एवं विनम्रता की हृदय से प्रशंसा की '**भारत माता**' **की वन्दना** एवं **जय-घोष** के साथ ही कार्य-क्रम पूर्ण हुआ।

–'**कुल-वाणी-रत्न**' **पं० महेन्द्र मिश्र, प्रयाग**

सूचना : '**चण्डी**' पुस्तक-माला के द्वारा प्रकाशित **श्री श्रीविद्या-साधना, पुष्प (६)** जुलाई, २०११ में भेजा जाएगा।

'कौल-कल्पतरु' चण्डी की विशेष प्रस्तुति

वर्ष-७० (४)

श्री कमला-कल्पतरु

पुष्प-३

'श्री-सूक्त' -विधान एवं प्रयोग

प्रेरणा-स्तम्भ

प्रातः-स्मरणीय 'कुल-भूषण' पं० रमादत्त शुक्ल

सम्पादक

ऋतशील शर्मा

★

प्रकाशक

पण्डित देवीदत्त शुक्ल स्मारक

परा-वाणी आध्यात्मिक शोध-संस्थान

कल्याण मन्दिर प्रकाशन

श्रीचण्डी-धाम, प्रयाग-राज-२११००६ ☎ ९४५०२२२७६७

Website : www.paravani.org Email : chandi_dham@rediffmail.com

अनुदान ४०/-

प्रकाशक
पण्डित देवीदत्त शुक्ल स्मारक
परा-वाणी आध्यात्मिक शोध-संस्थान
कल्याण मन्दिर प्रकाशन
श्रीचण्डी-धाम, प्रयाग-राज-२११००६ ☎ ९४५०२२२७६७

श्रीलक्ष्मी-स्तव

देवी श्रीमहा-लक्ष्मी

जय रमे!, जय हरि-प्रिये!।
जय सिन्धुजे!, जय सम्पदे!।
जय-जगत-त्रय-ताप-मोचनि!,
कलुष-नाशिनि!, कीर्तिदे!।।

'कौल-कल्पतरु' शुक्ल जी

जय चतुर्भुज-ध्यान-धारिणि!,
विभव-स्वामिनि!, सुख-प्रदे!।
जगत-जननि!, हे क्लेश-हरणि!,
जयति, जय हे मुक्तिदे!।।

❁

निज दया का एक कण,
दुःख-हरण दे जगदम्बिके!।
क्लेश जो काटे वही,
आचरण दे जगदम्बिके!।।

तृतीय संस्करण
श्रावण शुक्ला पञ्चमी, क्रोधी सं० २०६८ वि०-०४ अगस्त, २०११
सर्वाधिकार सुरक्षित
परा-वाणी प्रेस, अलोपी-देवी मार्ग, प्रयाग-राज (उ०प्र०)

अनक्रम

मातः नमामि कमले!, पद्माऽऽयतं सु - लोचने!।
श्री विष्णु-हृत् - कमलस्थे!, विश्व-मातः नमोऽस्तु ते।।
क्षीर - सागर - सत्पुत्रि!, पद्म - गर्भाभ - सुन्दरि!।
लक्ष्मि! प्रसीद सततं, विश्व-मातः नमोऽस्तु ते।।

३३. भारत में श्री लक्ष्मी की पूजा..... १४९
३४. शास्त्रों में लक्ष्मी जी..... १५१
३५. श्री और विष्णु की एक-रूपता तथा सर्व-मयता..... १५३
३६. लक्ष्मी की नौ कलाएँ..... १५६
३७. श्रीमहा-लक्ष्मी की कृपा-प्राप्ति के प्रयोग..... १५७
३८. भगवती लक्ष्मी की कृपा-दायक एक सिद्ध स्तोत्र..... १५९
३९. देवी लक्ष्मी की कृपा-पात्रता..... १६२
४०. पालक एवं स्थिति की शक्ति लक्ष्मी देवी..... १६३
४१. श्रीलक्ष्मी-स्तोत्र-त्रयी..... १६५
४२. श्रीमहा-लक्ष्मी-अष्टोत्तर-शत-नाम-स्तोत्र..... १६९
४३. भगवती महा-लक्ष्मी के विविध ध्यान..... १७२
४४. श्री महा-लक्ष्मी-नामावली-साधना..... १७५
४५. ऋग्-वेदोक्त 'श्री-सूक्त'..... १७९
४६. 'श्री-सूक्त'-विधान..... १८१
४७. 'श्री-सूक्त' के प्रयोग..... १९२
४८. 'श्री-सूक्त' से सम्पुटित 'सप्तशती-पाठ'..... २०१
४९. दारिद्र्य-दहन-विधि..... २०२

★ ★ ★

प्राक्कथन

जगत के त्रि-तापों को मोचन करनेवाली भगवती महा-लक्ष्मी

श्रीविष्णु - हृत् - कमलस्थे!।
विश्व - मातः नमोऽस्तु ते।।

भगवती महा-लक्ष्मी–संसार की **सृष्टि, स्थिति** एवं **संहार** का आदि कारण और मूलाधार हैं। आपके कारण सम्पूर्ण विश्व अर्थात् ब्रह्माण्ड **सृष्टि-स्थिति-नाश-रूपी भ्रमण** में प्रवृत्त होता है। इस सम्बन्ध में '**श्रीकालिका-पुराण**' में एक रोचक कथा का उल्लेख हुआ है। उस '**कथा**' के अनुसार **भगवान् विष्णु** किसी समय **गरुड़** पर आरूढ़ होकर '**आकाश**'-मार्ग से जा रहे थे। नीचे '**नीलाचल-वासिनी**'–'**काम-रूप**' देश में **कामाख्या देवी** थीं, उनको प्रणाम न कर आगे चले, तो **देवी के कोप** से समुद्र में जा गिरे और वहीं भ्रमण करने लगे। कुछ समय के बाद जब **लक्ष्मी जी** को, जो उनका अन्वेषण कर रही थीं, **नारद जी** के मुख से यह बात ज्ञात हुई, तब वे स्वयं **कामाख्या देवी** के पास गईं और '**तप**' से उन्हें प्रसन्न कर **भगवान् विष्णु** को भ्रमण से मुक्त कराया।

उक्त कथा से स्पष्ट होता है कि संसार में एक ओर **भगवती लक्ष्मी** के कारण प्राणी '**सृष्टि-स्थिति-नाश**'-रूपी **यातायात** में प्रवृत्त होता है, तो वहीं उनकी कृपा से–उनके द्वारा प्राप्त '**तत्त्व-ज्ञान**' से, उक्त यातायात से **मुक्त** भी होता है। यही कारण है कि '**आगम**'–**लक्ष्मी देवी** को सभी महा-विद्या की आधार-स्वरूपा **दसवीं महा-विद्या कमला** के रूप में वर्णित करता है।

ऐसी महिमा-मयी **भगवती महा-लक्ष्मी की आराधना** हेतु '**चण्डी**' **आध्यात्मिक पुस्तक-माला** के द्वारा यहाँ **श्रीकमला-कल्पतरु, पुष्प-३** का प्रकाशन हो रहा है। आशा है कि श्रद्धालु बन्धुओं को यह संग्रह भी उपयोगी सिद्ध होगा।

प्रस्तुत **श्रीकमला-कल्पतरु, पुष्प-३** में कुछ समय से अप्राप्त **१. श्री-सूक्त-विधान, २. श्री-सूक्त के प्रयोग** एवं **३. दारिद्र्य-दहन-विधि** को पुनः प्रकाशित कर रहे हैं। इसके लिए **प्रातः-स्मरणीय पण्डित कृष्णानन्द जी मिश्र** '**वैद्य**' एवं पूज्य **कापालिक उद्बोधनानन्दनाथ** जी के श्री-चरणों में '**नमो नमः**'। साथ ही, छत्तीसगढ़ शाक्त-सम्मेलन के अध्यक्ष पं० मधुसूदनप्रसाद शुक्ल को हृदय से धन्यवाद।

–ऋतशील शर्मा
श्रीचण्डी-धाम, प्रयाग

श्रावण शुक्ला पञ्चमी, सं०-२०६८ वि०
गुरुवार, ०४ अगस्त २०११

★ ★ ★

भारत में श्रीलक्ष्मी की पूजा

प्राचीन काल से भारत में **श्रीलक्ष्मी** की पूजा हो रही है, इसका स्पष्ट प्रमाण है **ऋग्-वेद** के **मण्डल पाँच** के खिल भाग में प्राप्त होनेवाला '**श्री-सूक्त**'। यह **सूक्त** आज भी लोक-प्रिय है। **संहिता-साहित्य** में इसकी विशेष रूप से चर्चा हुई है। अनेक विद्वानों ने इस पर स्वतन्त्र भाष्यों की रचना भी की है।

आज प्रचलित '**श्री-सूक्त**' में १६ मन्त्र हैं। इन सोलह मन्त्रों में कुछ मन्त्र **लक्ष्मी-परक** हैं तथा कुछ **श्री-परक**। किन्तु उन सबको एक साथ पढ़ने पर यही निष्कर्ष निकलता है कि '**श्री**' और '**लक्ष्मी**' में कोई भेद नहीं है। **ऐश्वर्य** का प्रतीक मानकर **लक्ष्मी** और **कीर्ति, पुष्टि** का प्रतीक मानकर **श्री** का वर्णन '**श्री-सूक्त**' में हुआ है। उसमें स्पष्ट रूप से यह कहा गया है कि **समृद्धि, सम्पत्ति, आयु, आरोग्य, पुत्र-पौत्रादि परिवार, धन-धान्य** की विपुलता आदि की प्राप्ति के लिए श्री एवं लक्ष्मी की पूजा की जाती है।

श्रीलक्ष्मी के स्वरूप और गुणों का प्रति-पादन करनेवाले कई नाम '**श्री-सूक्त**' में मिलते हैं। इनमें से उल्लेखनीय हैं–**अश्व-पूर्वा, आर्द्रा, करीषिणी, चन्द्रा, देव-जुष्टा, पद्म-मालिनी, पद्म-वर्णा, चन्द्रा, कीर्ति, पुष्करिणी, यष्करिणी, सूर्या, हिरण्यमयी, हेम-मालिनी** आदि।

श्री-सूक्त में प्रार्थना की गई है कि **सुवर्ण, गाएँ, अश्व** और **नौकर-चाकर आदि परिवार** से युक्त **लक्ष्मी** मुझे प्राप्त हो। **धन-धान्य** इत्यादि सांसारिक सम्पत्ति ही नहीं, वरन् **सैन्य-सम्पत्ति** का भी **लक्ष्मी** में ही समावेश किया गया है और प्रार्थना की गई है कि **अश्व, रथ, गज** इत्यादि से सु-सज्जित सैन्य का रूप धारण करनेवाली **लक्ष्मी** मुझे प्राप्त हो एवं उसका चिरन्तन निवास मेरे घर में हो–

अश्व - पूर्वा रथ - मध्यां, हस्ति - नाद - प्रबोधिनीम्।
श्रियं देवीमुपह्वये, श्रीर्मा देवी जुषताम्।।

श्री-सूक्त में **लक्ष्मी** का सम्बन्ध **सुवर्ण** और **उर्वरता** आदि से किया गया है। इसके साथ ही **लक्ष्मी देवी** का उल्लेख **आर्द्रा, नित्य-पुष्टा, करीषिणी** या **गोबर-युक्ता, कर्दमा, पुष्करिणी** और **ज्वलन्ती** आदि रूपों में भी किया गया है। **कमल** से भी **लक्ष्मी देवी** का सम्बन्ध बताया गया है और इन्हें **हाथियों की आवाज से आनन्दित होनेवाली** भी कहा गया है। **श्री** से इस प्रकार की प्रार्थना की गई है कि वह **अन्न** एवं **पशु** द्वारा आकर घर में निवास करे। उसे ऐसे रथ पर आरूढ़ बताया गया है, जो **सुवर्ण** का है, जिसके आगे **अश्व** जुते हैं, जिसके दोनों ओर **गज** चिङ्घाड़ रहे हैं। **श्री** की प्रसन्नता **गन्ध** के अर्पण से होती है, यह भी कहा गया है।

'**श्री-सूक्त**' के **विनियोग** के अनुसार **श्री-सूक्त** के मन्त्रों के ऋषि हैं–**कर्दम, चिक्लीन, श्रीद** और **आनन्द**। इससे यह ज्ञात होता है कि ये **ऋषि** ही **श्री** व **लक्ष्मी** की उपासना के प्रवर्तक थे।

'श्री-सूक्त' से यह भी भली-भाँति स्पष्ट होता है कि 'श्री' और 'लक्ष्मी' में कोई अन्तर नहीं है। दोनों शब्द एक ही देवी के नाम हैं। पौराणिक काल में श्रीलक्ष्मी के जो विविध रूप और नाम मिलते हैं, उनका मूल स्रोत 'श्री-सूक्त' ही है। इसी के अनुरूप हमें लक्ष्मी का गायत्री मन्त्र भी मिलता है। यथा–

महा-लक्ष्म्यै च विद्महे विष्णु-पत्न्यै च धीमहि, तन्नो लक्ष्मी: प्रचोदयात्।।

'श्री-सूक्त' का रचना-काल विवादास्पद है। कुछ विद्वान् इसे उत्तर-वैदिक काल की रचना मानते हैं। वैदिक परम्परा के 'बृहद्-देवता' नामक ग्रन्थ में 'श्री-सूक्त' का इस प्रकार उल्लेख हुआ है–

श्रीसूक्तमाशीर्वादस्तु, श्रीपुत्राणां पराणि षट्।
तत्स्याद्वा लक्ष्म्युपनुदमग्निस्तत्र नियातभाक्।।

'बृहद्-देवता' का समय पाणिनि के आस-पास माना जाता है। इसलिए ई०पू० चौथी-पाँचवीं शती तक श्रीलक्ष्मी की पूजा का पर्याप्त विकास हो चुका होगा और दोनों देवियों (श्री और लक्ष्मी) का समन्वय भी स्वीकार कर लिया गया होगा।

ऐसा लगता है कि उत्तर-वैदिक काल तक 'श्री' एक देवी का रूप ग्रहण कर चुकी थीं! उत्तर-वैदिक काल के साहित्य में 'श्री' की चर्चा अनेक प्रकार के सुख देनेवाली देवी के रूप में है। 'यजुर्वेद वाजसनेयि संहिता' में 'श्री' और 'लक्ष्मी' को पुरुष-प्रजापति की पत्नियाँ माना गया है।(३१-३२)।

आधुनिक विचारकों का मत है कि 'लक्ष्मी'-शब्द का प्रयोग मूलत: चिह्न-लक्षण या शुभ-लक्षण के रूप में होता था और सम्भवत: इसी प्रकार लक्ष्मी को शुभ-लक्षण या सौभाग्य की देवी माना जाने लगा। अकल्याणकारी देवी के रूप में 'अलक्ष्मी' का भी वर्णन मिलता है। इस दृष्टि से एक महत्त्व-पूर्ण उल्लेख अथर्व-वेद में है। वहाँ एक मन्त्र में कहा गया है कि प्रत्येक मनुष्य का जन्म होने के साथ एक सौ एक लक्ष्मियाँ भी पैदा होती हैं, जिनमें कुछ अकल्याणकारी, कुछ कल्याणकारी होती हैं–

एक-शतं लक्ष्मयो मर्त्यस्य साकं तन्वा जनुषोधि जाता:।

फिर आगे कहा गया है कि जो पुण्य-मयी पवित्र लक्ष्मियाँ मेरे स्वभाव को दरशानेवाली उत्तम प्रवृत्तियाँ हैं, वे मेरे जीवन में बार-बार प्रकट हों और जो पाप-जनक बुरी प्रवृत्तियाँ हैं, उन्हें मैं अपने में से निकालकर दूर कर दूँ–

तासां पापिष्ठा निरित: प्र हिण्म: शिवा अस्मभ्यं जातवेदो नियच्छ।।

अथर्व-वेद में ऋत, सत्य, बल, वीर्य आदि से लक्ष्मी की एकता स्थापित की गई है–

ऋतं सत्यं तपो राष्ट्रं, श्रमो धर्मश्च कर्म च।
भूतं भविष्यदुच्छिष्टे वीर्यं लक्ष्मीर्बलं बले।।

–श्री जैनेन्द्र वात्स्यायन

***

शास्त्रों में लक्ष्मी जी

लक्ष्मी जी–सुवर्ण-वर्णा, परम-कान्तिमती और अतिशय सुन्दरी हैं। वे स्मित-वदना, कमलानना और कमल-दल-नयना हैं। श्रीनारायण का सा पीताम्बर उनको प्रिय है (श्रीमद्-भागवत ८, ८, १५)–

'समुद्रः पीत-कौशेय-वाससी समुपाहरत्।'

वे चतुर्भुजा हैं। प्रथम कर-युगल में कमल-युगल (दो कमल) लिए हुए हैं। द्वितीय दक्षिण-पाणि (दाहिने हाथ) से अभय और वाम-पाणि (बाँएँ हाथ) से वर दे रही हैं। वे किरीट, कुण्डल, केयूर, कटक, ग्रैवेय, हेम-हार, कमल-माला, काञ्ची, नूपुर आदि विभूषणों से विभूषिता हैं। वे कमलासन पर विराजमान हैं और स्यन्दन उनका प्रिय यान है। वे दया-मयी, उदार, यशस्विनी, देव-जुष्टा, सर्व-लोकेश्वरी, दुराधर्षा और त्रिभुवन-वैभव-कारिणी हैं। माधवी, माधव-प्रिया, हरि-वल्लभा, विष्णु-पत्नी, विष्णु-प्रिय-सखी, रमा, इन्दिरा आदि श्रीलक्ष्मी के नामान्तर हैं। धन-धान्य, गाय-घोड़े, पुत्र-कलत्र, बन्धु-बान्धव, दास-दासी, आरोग्य और शतायुष्य आदि कामनाओं को वे पूर्ण करनेवाली हैं एवं अपने वात्सल्य-मय पतित-पावन अवलोकन से चरणाश्रितों को नारायण के पद-पद्मों की आराधना में अग्रसर करनेवाली हैं।

सेवित और शक्तिमान् का अभेद है; अतएव लक्ष्मी जी और विष्णु भगवान् एक ही हैं। विष्णु से श्री भिन्न नहीं हैं। वे भगवान् से कभी वियुक्त नहीं हैं। विष्णु सर्व-व्यापक हैं और उनकी शक्ति जगन्माता श्री भी सर्व-व्यापिका हैं, (देखिए, विष्णु-पुराण)–

नित्यैव सा जगन्माता, विष्णोः श्रीरनपायिनी।
यथा सर्व - गतो विष्णुस्तथैवेयं द्विजोत्तम।।

अवतार-रूप में भी भगवान् की सहायिका श्री होती हैं। राम-रूप में वही सीता हैं और कृष्ण-रूप में वही रुक्मिणी हैं। जब भगवान् देवताओं में अवतीर्ण होते हैं, तब श्री भी देवी-रूप धारण कर लेती हैं और जब भगवान् मनुष्य-लोक में मानवाकृति धारण करते हैं, तब श्री भी मानवाकृति-मती बन जाती हैं, (विष्णु-पुराण, १, ९, १४२-४)–

एवं यदा जगत् - स्वामी, देव - देवो जनार्दनः।
अवतारं करोत्येष, तदा श्रीस्तत् – सहायिनी।।
राघवत्वेऽभवत्सीता, रुक्मिणी कृष्ण - जन्मनि।।

श्री और श्रीमान्–अभिन्न और एक-तत्त्व होने पर भी भक्तों पर अनुग्रह करनेवाले विग्रह के रूप में भिन्न-वत् प्रतीत होते हैं। लक्ष्मी-नारायण, सीता-राम, राधा-कृष्ण आदि रूप पर-तत्त्व के ही लीला-निमित्तक दो-दो रूप हैं; किन्तु युगल रूप में अनन्यता है।

प्रभा एवं प्रभा-घन सूर्य जिस प्रकार अनन्य और अभिन्न हैं, उसी प्रकार लक्ष्मी और नारायण अनन्य और अभिन्न हैं। जिस प्रकार तरङ्ग-राशि समुद्र से अनन्य और अभिन्न है, उसी प्रकार लक्ष्मी जी नारायण से अनन्य और अभिन्न हैं।(देखिए, जयाख्य-संहिता, ६/७८)-

सूर्यस्य रश्मयो यद्वदूर्मयश्चाम्बुधेरिव।
सर्वैश्वर्य - प्रभावेण, कमला श्रीपतेस्तथा।।

ज्योत्स्ना का निवास जिस प्रकार राकेश में है, उसी प्रकार श्री का निवास योगियों के ध्यानास्पद भगवद्-वपु में है (देखिए, अग्नि-पुराण २३७/६)-

का त्वदन्या त्वामृते देवि!, सर्व-यज्ञ-मयं वपुः।
अध्यास्ते देव-देवस्य, योगि-चिन्त्यं गदा-भृतः।।

जब श्री और विष्णु विभिन्न रूपों में व्यक्त होते हैं, तब श्री तो वात्सल्य-मूर्ति अम्बा हैं और विष्णु भगवान् जगत्-पिता हैं। (देखिए, अग्नि-पुराण, २३७-२०)-

त्वमम्बा सर्व-भूतानां, देव-देवो हरिः पिता।

-वेदान्ताचार्य डा० कृष्णदत्त भारद्वाज शास्त्री

भगवती लक्ष्मी

'यजुर्वेद' में भगवती लक्ष्मी का उल्लेख भगवान् नारायण की सह-धर्मिणी के रूप में इस प्रकार उपलब्ध होता है-'श्रीश्चते लक्ष्मीश्च पत्न्यावहोरात्रे०' अर्थात् हे परमेश्वर आपकी दो पत्नियाँ हैं, श्री शोभा (प्रकृति-रूपा) तथा लक्ष्मी-धन, सम्पद्-रूपा।

दो पत्नियों की बात कई जगह आई है। 'गीता' में भगवान् श्री कृष्ण ने स्वयं अपने श्री-मुख से कहा है-'प्रकृतिं स्वामधिष्ठाय, सम्भावाम्यात्म-मायया' अर्थात् मैं जब भी अवतरित होता हूँ, अपनी दो शक्तियों (सह-धर्मिणियों) के साथ अवतरित होता हूँ, १. प्रकृति और २. माया।

'श्रीमद्-भागवत' में परमेश्वर के हास को ही माया बताया गया है-'हासो जनोन्मादकरी च माया'। वहाँ भी यह कहा गया है कि भगवान् श्री मन्नारायण वेङ्कटेश अथवा बाला जी के वक्ष पर-१. भू-देवी (वसुन्धरा-सभी धातुओं, रत्नों की धारयित्री) तथा २. पद्मावती या श्री (शोभा) देवी दो सह-धर्मिणी विराजमान हैं।

'अथर्व-वेदीय सीतोपनिषद्' में भगवती सीता को ही लक्ष्मी बताया गया है।

'वाल्मीक रामायण' के 'सुन्दर-काण्ड' के सर्ग २७ में भी त्रिजटा के स्वप्न में भगवान् श्री राम को ब्रह्मादि से वन्दित विष्णु-रूप में तथा उनकी सह-धर्मिणी सीता को लक्ष्मी बताया गया है।

श्री और विष्णु की एक-रूपता तथा सर्व-मयता

।।श्री पाराशर उवाच।।

नित्यैवैषा जगन्माता, विष्णोः श्रीरनपायिनी।
यथा सर्व - गतो विष्णुस्तथैवेयं द्विजोत्तम!।।१
अर्थो विष्णुरियं वाणी, नीतिरेषा नयो हरिः।
बोधो विष्णुरियं बुद्धिर्धर्मोऽसौ सत्क्रिया त्वियम्।।२
स्रष्टा विष्णुरियं सृष्टिः, श्रीर्भूमिर्भूधरो हरिः।
सन्तोषो भगवाँल्लक्ष्मीस्तुष्टिर्मैत्रेय! शाश्वती।।३
इच्छा श्रीर्भगवान् कामो, यज्ञोऽसौ दक्षिणा त्वियम्।
आज्याहुतिरसौ देवी, पुरोडाशो जनार्दनः।।४
पत्नि-शाला मुने! लक्ष्मीः, प्राग्वंशो मधु-सूदनः।
चितिर्लक्ष्मीर्हरिर्यूप, इध्मा श्रीर्भगवान् कुशः।।५
साम - स्वरूपी भगवानुद्गीति कमलालया।
स्वाहा लक्ष्मीर्जगन्नाथो, वासुदेवो हुताशनः।।६
शङ्करो भगवाञ्छौरिर्गौरी लक्ष्मीर्द्विजोत्तम!
मैत्रेय! केशवः सूर्यस्तत्प्रभा कमलालया।।७
विष्णुः पितृ - गणः पद्मा, स्वधा शाश्वत - पुष्टिदा।
द्यौः श्रीः सर्वात्मको विष्णुरवकाशोऽति - विस्तरः।।८
शशाङ्कः श्रीधरः कान्तिः, श्रीस्तथैवानपायिनी।
धृतिर्लक्ष्मीर्जगच्चेष्टा, वायुः सर्वत्रगो हरिः।।९
जलधिर्द्विज! गोविन्दस्तद् - वेला श्री महा - मुने!।
लक्ष्मी - स्वरूपमिन्द्राणी, देवेन्द्रो मधु - सूदनः।।१०
यमश्चक्र - धरः साक्षाद्, धूमोर्णा कमलालया।
ऋद्धिः श्रीः श्रीधरो देवः, स्वयमेव धनेश्वरः।।११
गौरी लक्ष्मी महा - भाग!, केशवो वरुणः स्वयम्।
श्रीर्देव - सेना विप्रेन्द्र!, देव - सेना - पतिर्हरिः।।१२

अवष्ठम्भो गदा - पाणिः, शक्तिर्लक्ष्मीर्द्विजोत्तम!।
काष्ठा लक्ष्मीर्निमेषोऽसौ, मुहूर्त्तोऽसौ कला त्वियम्।।१३
ज्योत्स्ना लक्ष्मीः प्रदीपोऽसौ, सर्वः सर्वेश्वरो हरिः।
लता - भूता जगन्माता, श्रीविष्णुर्द्रुम - संज्ञितः।।१४
विभावरी श्रीर्दिवसो, देवश्चक्र - गदा - धरः।
वर - प्रदो वरो विष्णुर्वधूः पद्म - वनालया।।१५
नद - स्वरूपी भगवाञ्छ्रीर्नदी - रूप - संस्थिता।
ध्वजश्च पुण्डरीकाक्षः, पताका कमलालया।।१६
तृष्णा लक्ष्मीर्जगन्नाथो, लोभो नारायणः परः।
रती - रागश्च मैत्रेय!, लक्ष्मीर्गोविन्द एव च।।१७
किं चाति - बहुनोक्तेनं, संक्षेपेणेदमुच्यते-
देव - तिर्यङ् - मनुष्यादौ, पुन्नामा भगवान् हरिः।
स्त्री - नाम्नी श्रीश्च विज्ञेया, नानयोर्विद्यते परम्।।१८

(श्री मैत्रेय जी के प्रश्न के उत्तर में) श्री पाराशर जी बोले-हे द्विजोत्तम! भगवान् का कभी साथ न छोड़नेवाली जगज्जननी लक्ष्मी जी नित्य हैं और जिस प्रकार श्रीविष्णु भगवान् सर्व-व्यापक हैं, वैसे ही ये भी हैं।।१

विष्णु अर्थ हैं, तो लक्ष्मी जी वाणी हैं। हरि न्याय, तो लक्ष्मी जी नीति। भगवान् विष्णु बोध हैं, तो ये बुद्धि तथा वे धर्म हैं, तो लक्ष्मी जी सत्क्रिया। भगवान् जगत् के स्रष्टा हैं, तो लक्ष्मी जी सृष्टि। श्रीहरि भूधर हैं, तो लक्ष्मी जी भूमि। भगवान् सन्तोष हैं, तो लक्ष्मी जी नित्य-तुष्टि। भगवान् काम हैं, तो लक्ष्मी जी इच्छा। वे यज्ञ हैं, तो ये दक्षिणा। श्री जनार्दन पुरोडाश हैं, तो देवी लक्ष्मी जी आज्या (घृत की आहुति)।।२-४

हे मुने! मधुसूदन यजमान-गृह हैं, तो लक्ष्मी जी पत्नी-शाला। श्री हरि यूप (यज्ञ-स्तम्भ) हैं, तो लक्ष्मी जी चिति (इष्ट का चयन)। भगवान् कुशा हैं, तो लक्ष्मी जी समिधा। भगवान् साम-स्वरूप हैं, तो कमला देवी उद्गीति। जगत्पति भगवान् वासुदेव अग्नि हैं, तो लक्ष्मी जी स्वाहा।५-६

द्विजोत्तम! भगवान् विष्णु शङ्कर हैं, तो श्री लक्ष्मी जी गौरी। इसी प्रकार हे मैत्रेय! श्री केशव सूर्य हैं, तो कमल-वासिनी श्री लक्ष्मी जी प्रभा। श्री विष्णु पितृ-गण हैं, तो श्री कमला नित्य-पुष्टि-दायिनी स्वधा। विष्णु अति विस्तीर्ण सर्वात्मक आकाश हैं, तो लक्ष्मी जी स्वर्ग-लोक। भगवान् श्रीधर चन्द्रमा हैं, तो लक्ष्मी जी अक्षय कान्ति। श्री हरि सर्वगामी वायु हैं, तो लक्ष्मी जी जगच्चेष्टा (जगत् की गति) और धृति (आधार)।।७-९

हे महा-मुने! श्री गोविन्द समुद्र हैं, तो हे द्विज! लक्ष्मी जी तट-भूमि। भगवान् मधुसूदन देवराज इन्द्र हैं, तो लक्ष्मी इन्द्राणी। चक्र-पाणि भगवान् साक्षात् यम हैं, तो श्री कमला यम-पत्नी-धूमोर्णा।

देवाधिदेव श्री विष्णु स्वयं कुबेर हैं, तो लक्ष्मी जी साक्षात् ऋद्धि। केशव स्वयं वरुण हैं, तो महा-भागा लक्ष्मी जी गौरी। हे द्विजराज! श्री हरि देव-सेनापति स्वामी कार्तिकेय हैं, तो श्री लक्ष्मी जी देव-सेना।। १०-१२

हे द्विजोत्तम! भगवान् गदाधर शक्ति के आधार हैं, तो लक्ष्मी जी शक्ति। भगवान् निमेष, तो लक्ष्मी जी काष्ठा हैं। वे मुहूर्त हैं, तो ये कला। सर्वेश्वर सर्व-रूप श्री हरि दीपक हैं, तो श्री लक्ष्मी जी ज्योति। श्री विष्णु वृक्ष-रूप हैं, तो जगन्माता श्री लक्ष्मी जी लता। चक्र-गदा-धर देव श्री विष्णु दिन हैं, तो लक्ष्मी जी रात्रि। वर-दायक श्री हरि वर हैं, तो पद्म-निवासिनी श्री लक्ष्मी जी वधू। भगवान् नद हैं, तो श्री जी नदी। कमल-नयन भगवान् ध्वजा हैं, तो कमलालया लक्ष्मी जी पताका। जगदीश्वर परमात्मा नारायण लोभ हैं, तो लक्ष्मी जी तृष्णा तथा हे मैत्रेय! रति और राग भी साक्षात् श्री लक्ष्मी और गोविन्द-रूप ही हैं। अधिक क्या कहा जाए, संक्षेप में यह कहना चाहिए कि देव, तिर्यक् और मनुष्य आदि में पुरुष-वाची तत्त्व श्रीहरि हैं और स्त्री-वाची तत्त्व श्री लक्ष्मी जी। इनके परे और कोई नहीं है।। १३-१८

भगवती लक्ष्मी

'शिव पुराण के अनुसार तुलसी (वृन्दा) लक्ष्मी का अवतार हैं। रुक्मिणी (भगवान् श्रीकृष्ण की पत्नी) तथा भगवती सीता को लक्ष्मी का अवतार बताया गया है।

'अमर कोष' में लक्ष्मी का एक नाम 'क्षीर-सागर कन्यका' है। वहीं अन्यत्र इसी अर्थ में 'क्षीरोद्-तनया' नाम से भी उन्हें अभिहित किया गया है। 'ब्रह्मवैवर्त' में यही नाम इस रूप में मिलता है– 'क्षीरोद्-सिन्धु-कन्या'।

'नारद पुराण' के अनुसार जहाँ शिव और विष्णु की पूजा होती है, वहाँ भगवती लक्ष्मी का शाश्वत निवास होता है।

'मत्स्य पुराण' के अनुसार भगवती लक्ष्मी–विष्णु भगवान् की पत्नी हैं। अतः इनकी स्थापना भगवान् विष्णु के वाम भाग में करनी चाहिए।

'देवी भागवत पुराण' में सृष्टि के आदि में श्री कृष्ण के वामाङ्ग से महा-रास के समय लक्ष्मी का प्रादुर्भाव बताया गया है।

'वाल्मीक रामायण' के 'सुन्दर-काण्ड' के सर्ग ७ के १४ वें श्लोक में पुष्पक विमान में चित्रित लक्ष्मी का वर्णन है। वहीं गज-लक्ष्मी के रूप में भी लक्ष्मी जी का वर्णन [illegible]ता है। 'युद्ध काण्ड' में भगवती सीता को लक्ष्मी तथा भगवान् राम को विष्णु के रूप में म[illegible]र्षि वाल्मीक ने वर्णित किया है। वहीं सुन्दर-काण्ड', सर्ग २७ में त्रि-जटा के स्वप्न में श्री रा[illegible]का उल्लेख विष्णु-रूप में हुआ है।

'महा-भारत' में विजय और समृद्धि की प्रदायिनी भगवती लक्ष्मी का उल्लेख पद्मा के रूप में हुआ है।

'नीलमत पुराण' में केशव (श्री कृष्ण) के साथ लक्ष्मी की आराधना का उल्लेख मिलता है।

लक्ष्मी की नौ कलाएँ

■ अन्धे को रास्ता बता देना, लँगड़े को मञ्जिल तक पहुँचा देना, भूखे को रोटी खिला देना, प्यासे को पानी पिला देना, मूर्ख को पढ़ा देना, रोगी को दवा दे देना, दुष्ट को दण्ड देना, भीत को भय से छुड़ा देना, यह '**विभूति**' नाम की लक्ष्मी की पीठिका है। **लक्ष्मी-निवास** की यह पहली शक्ति है। **लक्ष्मी के निवास** का स्थान **विभूति**-हीन नहीं होता।

■ दूसरी शक्ति '**नम्रता**' है। यह छोटे से बड़ा बनाने में बड़ी चतुर है। जब तक मनुष्य को नम्रता से भरा पाइएगा, उसे क्रम से ऊपर की तरफ उठता ही देखिएगा। '**नम्रता**' लक्ष्मी की द्वितीय पीठाधिष्ठात्री देवता है। वह कितना उच्चासन आपको देगी, इसकी थाह नहीं-'**इन्द्रो ब्रह्म-पदं विधिर्हरि-पदम्।**' **नम्रता** सब कुछ दे डालती है।

■ '**विभूति**' और '**नम्रता**'-ये दोनों कलाएँ जिसके पास आ जाती हैं, वह लक्ष्मी की तृतीय कला '**कान्ति**' का पात्र हो जाता है। **लक्ष्मी** की तीन कलाओं की प्रीति होने पर '**तुष्टि**' नामक चतुर्थ कला अपने आप उसमें आ जाती है, वह कभी अपुत्र नहीं होता। संसार मात्र उसका पुत्र बन जाता है। नई विद्या, नई रोशनी, नए-नए व्यापार सभी नए-ही-नए उत्पन्न होने लगते हैं। उसकी वाणी सिद्ध, व्यवहार सिद्ध, अक्षुण्ण गति, सभी उमड़-उमड़ कर नदियों के जल की तरह उस महा-पुरुष समुद्र में आ-आ कर एक-रस हो जाती हैं। ऐसे समय **लक्ष्मी** की '**कीर्ति**' नामक पाँचवीं पीठाधिष्ठात्री सुवर्ण मेरु में ढोल बजा-बजा कर नाचने लगती है।

■ इस मानवीय संसार में क्या पूछना? **स्वर्ग** कीर्तिवानों के लिए स्थान है। **इन्द्र** का पद उसकी आकांक्षा करता है। **इन्द्रद्युम्न** की **कीर्ति** का लोप होने के समय की कथा अपने भारतवर्ष के भीतर गाई गई है। जिसने **कीर्ति की उपासना** में जन्म बिताया, वही पुरुष **लक्ष्मी का साधक** है। पुराने राजा, धनी, विद्वान् सभी प्रधान रूप से '**कीर्ति**' की उपासना करने में और इस देवी के सामने अपने प्राण, धन, प्रिय-जन-सभी का बलिदान करने में हिचकना नहीं जानते थे।

■ **कीर्ति** की साधना से लक्ष्मी की '**सन्नति**' नामक छठी कला लोगों पर मुग्ध होती है। **सन्नति**-प्राप्त पुरुष '**पुष्टि**' नामक लक्ष्मी की सातवीं पीठाधिष्ठात्री का पात्र होता है। इसके बाद आठवीं '**उत्कृष्टि**' नामक कला प्राप्त होती है और उसकी क्षय-वृद्धि का लोप हो जाता है। धीरे-धीरे नवीं '**ऋद्धि**' नाम की पीठाधिष्ठात्री अपने आने को उत्सुक हो जाती है।

■ उक्त **नौ पीठों, नौ कलाओं** से हीन पुरुष के पास **लक्ष्मी** सहसा नहीं आती। उक्त नौ पीठिकाओं का आधार एक '**दया**' है, जो कि हर एक पुरुष के हृदय में विराजती है। **दया** से साधक दानी होता है और उसके घर में उक्त नौ सखियों के साथ स्वयं **महा-लक्ष्मी** विराजमान होने में सकुचाती नहीं।

■ **दया** का साधन कठिन है, जिसके गर्भ में **महा-लक्ष्मी** और **विष्णु-पद** विराजमान हैं। इसके लिए संसार में घोर-तर परिश्रम करने पड़ते हैं। **मन्त्र-शास्त्र** इसी के न होने से दूर भागता है। परिश्रमी पुरुष को प्राण हथेली में रखना पड़ता है। जो आपत्ति झेलने में, कष्टों को भोगने में सहनशील नहीं, उस पर **भगवती** प्रसन्न नहीं होती।

-'कुल-ज्योति' पण्डित कन्हैयालाल दीक्षित

श्रीमहा-लक्ष्मी की कृपा-प्राप्ति के प्रयोग

(१) ॐ ऐं ह्रीं श्रीं महा-लक्ष्म्यै कमल-धारिण्यै गरुड-वाहिन्यै श्रीं ह्रीं ऐं स्वाहा।

उक्त मन्त्र को **१०८ बार नित्य** जपे। प्रति **शुक्रवार** को **व्रत** रखे अर्थात् निराहार रहे या मात्र फल, दूध आदि ही ले। **लक्ष्मी-यन्त्र** की पूजा करे और **चाँदी की थाली** अथवा **फूल की थाली** में **सवा पाव चावल** श्वेत वस्त्र पर बिछाकर उस पर **गरी का एक गोला** शुद्ध जल से धोकर रख दे। उस गोले के ऊपर **श्वेत चन्दन** से '**श्रीं**' बीज लिखकर गोले की **पञ्चोपचार से पूजा** करे। **सफेद फूल** चढ़ाए, **सफेद पदार्थ, ऋतु-फल** का भोग लगाए। **नमक** न खाए। **चावल, वस्त्र, गोलादि** पूजा की समस्त सामग्री किसी **शुभ समय, सोमवती** हो या ग्रहणादि पुण्य-काल में, किसी **सदाचारी ब्राह्मण** को दान कर दे।

महा-लक्ष्मी-स्तोत्र का नित्य आठ अथवा छः पाठ अवश्य करे। **शुक्ल-पक्ष** में अपने **शुभ चन्द्रमा**, अच्छे घड़ी-मुहूर्त में, **शुक्रवार पुष्य नक्षत्र** अथवा **हस्त, अश्विनी, रेवती, आर्द्रा** आदि शुभ नक्षत्रों में यह प्रयोग प्रारम्भ करे। **लक्ष्मी जी की चतुर्भुजी मूर्ति** अथवा चित्रपट हो, विधि-पूर्वक यन्त्र में मन्त्र से पूजन कर **श्रीगुरु से आज्ञा** लेकर अनुष्ठान करे। **श्री-सूक्त** या **लक्ष्मी-सूक्त** के तीन पाठ कर भाग्य-शुद्धि सर्व-प्रथम कर ले। जब तक पाठ करे, **घी का दीपक** अवश्य जलाए। **श्वेत वस्त्र** धारण करे, **श्वेत आसन** पर बैठे, **श्वेत रेशम की माला से जप** करे। अन्त में **हवन-स्तुति** कर **लक्ष्मी जी का विसर्जन** करे।

इस प्रकार **एक वर्ष** पर्यन्त पूजा करे, तो मन-वांछित लक्ष्मी की प्राप्ति होती है। रोजगार-व्यापार न लगता हो, तो तत्काल लग जाता है।

(२) **श्री-सूक्त** से अथवा **लक्ष्मी जी के मूल-मन्त्र** से किसी **देव-मन्दिर** या **तुलसी-वन** में प्रति-दिन निश्चित समय पर **भगवती कमला की पूजा** किया करे, तो पूजन करनेवाला, धन-वैभव से सम्पन्न होता है।

(३) **बेल की लकड़ी** के ८ अंगुल चौड़े, १० अंगुल लम्बे पीढ़े में-"**ॐ श्रीं महा-लक्ष्म्यै स्वाहा**" मन्त्र-गर्भित **षट्-कोण** में **श्रीलक्ष्मी की पूजा** कर **हल्दी की माला** से उक्त मन्त्र के प्रति-दिन **१०८ बार जप** के पश्चात् **पञ्जर-स्तोत्र** के तीन पाठ नित्य एवं **शुक्रवार** को सोलह पाठ करे तथा **पञ्जर के मन्त्रों से घी-शक्कर-मेवा** से **१०८ आहुतियाँ ४८ दिन तक दे**, तो इच्छित धन की प्राप्ति होती है।

(४) '**ॐ श्रीं ह्रीं क्लीं ऐं आं अमुकं मे वश्यं कुरु कुरु स्वाहा।**

उक्त मन्त्र का विधि-पूर्वक **सवा लक्ष** जप करने से अभीष्ट-सिद्धि होती है।

(५) यह प्रयोग उन व्यक्तियों के लिए है, जो धनी हैं, किन्तु इतने नहीं कि अपनी इच्छानुसार संसार में गौरव-पूर्वक जीवन-यापन कर सकें। ऐसे बन्धु प्रारम्भ में स्वर्णादि का व्यय सहज ही कर सकते हैं।

भगवती लक्ष्मी की सोने की मूर्ति बनवाकर उस मूर्ति का पूजन हल्दी और सुवर्ण-चाँदी के कमल-पुष्पों से करे। फिर सधवा स्त्री और गाय का पूजन कर पूर्णिमा के चन्द्र में अथवा पानी से भरे हुए कुम्भ में भगवती महा-लक्ष्मी का ध्यान कर कमल-पत्र के आसन पर बैठकर सोने की माला से श्री-सूक्त की निम्न ऋचा में बीज-त्रय (श्रीं ह्रीं क्लीं) जोड़ कर प्रातः, मध्याह्न और सायं एक-एक हजार (दश-दश माला) बार जप करे। इस प्रकार एक लाख पचीस हजार जप कर मधु और कमल-पुष्प से दशांश होम करे। फिर तर्पण, मार्जन और ब्राह्मण-भोजन सविधि करे। जप से पूर्व सङ्कल्प करे। फिर कर-न्यासादि करे। यथा–

कर-न्यास–ॐ नमो भगवत्यै महा-लक्ष्म्यै हिरण्य-वर्णायै अंगुष्ठाभ्यां नमः। ॐ नमो भगवत्यै महा-लक्ष्म्यै हरिण्यै तर्जनीभ्यां स्वाहा। ॐ नमो भगवत्यै महा-लक्ष्म्यै सुवर्ण-रजत-स्त्रजायै मध्यमाभ्यां वषट्। ॐ नमो भगवत्यै महा-लक्ष्म्यै चन्द्रायै अनामिकाभ्यां हुम्। ॐ नमो भगवत्यै महा-लक्ष्म्यै हिरण्मय्यै कनिष्ठाभ्यां वौषट्। ॐ नमो भगवत्यै महा-लक्ष्म्यै लक्ष्म्यै करतल-करपृष्ठाभ्यां फट्।

अङ्ग-न्यास–ॐ नमो भगवत्यै महा-लक्ष्म्यै हिरण्य-वर्णायै हृदयाय नमः। ॐ नमो भगवत्यै महा-लक्ष्म्यै हरिण्यै शिरसे स्वाहा। ॐ नमो भगवत्यै महा-लक्ष्म्यै सुवर्ण-रजत-स्त्रजायै शिखायै वषट्। ॐ नमो भगवत्यै महा-लक्ष्म्यै चन्द्रायै कवचाय हुम्। ॐ नमो भगवत्यै महा-लक्ष्म्यै हिरण्मय्यै नेत्र-त्रयाय वौषट्। ॐ नमो भगवत्यै महा-लक्ष्म्यै लक्ष्म्यै अस्त्राय फट्।

।।ध्यान।।

विद्युद्-दाम-सम-प्रभां हिम-गिरि-प्रख्यैश्चतुर्भिर्गजैः।
शुण्डा-दण्ड - समुद्धृतामृतघटैरासिञ्च्यमानां रमाम्।।
विभ्राणां कर - पङ्कजैर्जप - वटीं पद्म – द्वयं पुस्तकम्।
भास्वद्-रत्न-समुज्ज्वलां कुच-नतां ध्यायेज्जगत्-स्वामिनीम्।।

।।ऋचा।।

श्रीं ह्रीं क्लीं हिरण्य-वर्णां हरिणी सुवर्ण-रजत-स्त्रजाम्।
चन्द्रां हिरण्मयीं लक्ष्मीं, जातवेदो म आवह।।

यह प्रयोग ३२ लाख का है। पहले सवा लाख का जप, होम आदि करे। फिर दूसरे सवा लाख का प्रारम्भ करे। इस प्रकार ३२ लाख का प्रयोग पूर्ण करे। पहिले प्रयोग से लाभ होने लगेगा।

***

भगवती लक्ष्मी की कृपा-दायक एक सिद्ध स्तोत्र

विष्णु-पुराण में भगवती लक्ष्मी के प्रति देव-राज इन्द्र द्वारा की गई एक स्तुति है। इस स्तुति का बड़ा माहात्म्य है। इसके प्रयोग से निश्चित रूप से धन-धान्यादि वैभव की प्राप्ति होती है। अनेक लोगों द्वारा अनुभूत यह स्तोत्र यहाँ दिया जा रहा है।

'**प्रयोग-विधि**' यह है कि एक छोटी-सी तश्तरी में चन्दन से '**अष्ट-दल कमल**' अङ्कित करे। उस पर '**दीपक**' स्थापित कर '**दीप-शिखा**' में **भगवती लक्ष्मी** का '**आवाहन**' भावना से करे। फिर उनका **पञ्चोपचारों से पूजन** कर '**सङ्कल्प**'-पूर्वक एकाग्र-चित्त से निम्न स्तोत्र का **भक्ति-पूर्वक पाठ** करे।

एक लाख आवृत्ति से इसका '**पुरश्चरण**' पूर्ण होता है। परिवार के सभी व्यक्तियों में से प्रत्येक व्यक्ति प्रति-दिन सहयोग-पूर्वक इस स्त्रोत्र का **सोलह-सोलह बार पाठ करें, तो छः** महीने के भीतर **भगवती लक्ष्मी की कृषा-प्राप्ति** का चमत्कार देखने को मिल सकता है। '**स्तोत्र**' इस प्रकार है–

।।पराशर उवाच।।

सिंहासन - गतः शक्रः, सम्प्राप्य त्रि - दिवं पुनः।
देव - राज्ये स्थितो देवीं, तुष्टावाब्ज - करां ततः।।

।।इन्द्र उवाच।।

नमस्ते सर्व - भूतानां, जननीमब्धि - सम्भवाम्।
श्रियमुन्निद्र-पद्माक्षीं, विष्णु-वक्षः-स्थल-स्थिताम्।।
पद्मालयां पद्म - करां, पद्म - पत्र - निभेक्षणाम्।
वन्दे पद्म - मुखीं देवीं, पद्म - नाभ - प्रियामहम्।।
त्वं सिद्धिस्त्वं स्वधा स्वाहा, सुधा त्वं लोक-पावनी।
सन्ध्या रात्रिः प्रभा भूतिर्मेधा श्रद्धा सरस्वती।।
यज्ञ - विद्या महा - विद्या, गुह्य - विद्या च शोभने!
आत्म-विद्या च देवि! त्वं, विमुक्ति-फल-दायिनी।।
आन्विक्षिकी त्रयी वार्ता, दण्ड-नीतिस्त्वमेव च।
सौम्यासौम्यैर्जगद् - रूपैस्त्वयैतद् देवि! पूरितम्।।
का त्वदन्या त्वामृते देवि!, सर्व - यज्ञ - मयं वपुः।
अध्यास्ते देव - देवस्य, योगि - चिन्त्यं गदा - भृतः।।

त्वया देवि! परित्यक्तं, सकलं भुवन - त्रयम्।
विनष्ट - प्रायमभवत्, त्वयेदानीं समेधितम्।।
दाराः पुत्रास्तथाऽऽगार - सुहृद्धान्य - धनादिकम्।
भक्त्येतन्महा - भागे!, नित्यं त्वद् - वीक्षणान्नृणाम्।।
शरीरारोग्यमैश्वर्यमरि - पक्ष - क्षयः सुखम्।
देवि! त्वद्-दृष्टि-दृष्टानां, पुरुषाणां न दुर्लभम्।।
त्वमम्बा सर्व - भूतानां, देव - देवो हरिः पिता।
त्वयैतद् विष्णुना चाम्ब!, जगद् व्याप्तं चराचरम्।।
मा नः कोशं तथा गोष्ठं, मा गृहं मा परिच्छदम्।
मा शरीरं कलत्रं च, त्यजे सर्वथा पावनि!।।
मा पुत्रान् मा सुहृद्-वर्गान्, मा पशून् मा विभूषणम्।
त्यजेथा मम देवस्य, विष्णोर्वक्षः - स्थलाश्रये!।।
सत्त्वेन सत्य - शौचाभ्यां, तथा शीलादिभिर्गुणैः।
त्यज्यन्ते ते नराः सद्यः, सन्त्यक्ता ये त्वयाऽमले!।।
त्वयाऽवलोकिताः सद्यः, शीलाद्यैरखिलैर्गुणैः।
कुलैश्वर्यैश्च युज्यन्ते, पुरुषा निर्गुणा अपि।।
स श्लाघ्यः स गुणी धन्यः, स कुलीनः स बुद्धिमान्।
स शूरः स च विक्रान्तो, यस्त्वया देवि! वीक्षितः।।
सद्यो वैगुण्यमायान्ति, शीलाद्याः सकला गुणाः।
पराङ्मुखी जगद्धात्री, यस्य त्वं विष्णु-वल्लभे!।।
न ते वर्णयितुं शक्ता, गुणान् जिह्वाऽपि वेधसः।
प्रसीद देवि पद्माक्षि!, नास्मांस्त्याक्षीः कदाचन।।

।।पराशर उवाच।।

एवं श्रीः संस्तुता सम्यक्, प्राह हृष्टा शत-क्रतुम्।
शृण्वतां सर्व - देवानां, सर्व - भूत - स्थिता द्विज!।।

।।श्रीरुवाच।।

परितुष्टाऽस्मि देवेश!, स्तोत्रेणानेन ते हरे!।
वरं वृणीष्व योऽभीष्टः, वरदाऽहं तवागता।।

।।इन्द्र उवाच।।

वरदा यदि मे देवि!, वरार्हो यदि वाऽप्यहम्।
त्रैलोक्यं न त्वया त्याज्यमेष मेऽस्तु वरः परः।।

स्तोत्रेण यस्तवैतेन, त्वां स्तोष्यत्यब्धि-सम्भवे!।
स त्वया न परित्याज्यो, द्वितीयोऽस्तु वरो मम।।

।।श्रीरुवाच।।

त्रैलोक्यं त्रिदश - श्रेष्ठ!, न सन्त्यक्ष्यामि वासव!।
दत्तो वरो मयाऽयं ते, स्तोत्राराधन - तुष्टया।।
यश्च सायं तथा प्रातः, स्तोत्रेणानेन मानवः।
मां स्तोष्यति न तस्याऽहं, भविष्यामि पराङ्मुखी।।

।।पराशर उवाच।।

एवं वरं ददौ देव - राजाय वै पुरा।
मैत्रेय श्रीर्महा - भागा, स्तोत्राराधन - तोषिता।।
भृगोः ख्यात्यां समुत्पन्ना, श्रीः पूर्वमुदधेः पुनः।
देव - दानव - यत्नेन, प्रस्तूताऽमृत - मन्थने।।
एवं यथा जगत् - स्वामी, देव - राजो जनार्दनः।
अवतारं करोत्येषा, तथा श्रीस्तत् - सहायिनी।।
पुनश्च पद्म - सम्भूता, तथाऽऽदित्योऽभवद्धरिः।
यदा च भार्गवो रामस्तदाऽभूद् धरणी त्वियम्।।
राघवत्वेऽभवत् सीता, रुक्मिणी कृष्ण-जन्मनि।
अन्येषु चावतारेषु, विष्णोरेषाऽन - पायिनी।।
देवत्वे देव - देहेयं, मानुषत्वे च मानुषी।
विष्णोर्देहानुरूपां वै, करोत्येषाऽऽत्मनस्तनुम्।।
यश्चैतच्छृणुयाज्जन्म, लक्ष्म्या यश्च पठेन्नरः।
श्रियो न विच्युतिस्तस्य, गृहे यावत् कुल-त्रयम्।।
पठ्यते येषु चैवैष, गृहेषु श्री - स्तवो मुने!।
अलक्ष्मीः कलहाधारा, न तेष्वास्ते कदाचन।।
एतत्ते कथितं ब्रह्मन्!, यन्मां त्वं परिपृच्छसि।
क्षीराब्धौ श्रीर्यथा जाता, पूर्वं भृगु - सुता सती।।

इति सकल-विभूत्यवाप्ति-हेतुः, स्तुतिरियमिन्द्र-मुखोद्गता हि लक्ष्म्याः।
अनुदिनमिह पठ्यते नृभिर्यैः, वसति न तेषु कदाचिदप्यलक्ष्मीः।।

***

देवी लक्ष्मी की कृपा-पात्रता

'**देवी लक्ष्मी**' किस स्थान में रहती हैं और कहाँ-कहाँ नहीं रहतीं, इसका वर्णन **पुराणादि** में इस प्रकार मिलता है–

■ "मैं **पुण्य-वान्, सु-नीतिज्ञ गृहस्थ** और **राजाओं** के घर स्थिर-भाव से रह कर पुत्र के समान उनका प्रति-पालन करूँगी। **गुरु, देवता, माता, पिता, बान्धव, अतिथि** और **पितृ-लोक** जिनसे रुष्ट होंगे, उनके घर मैं नहीं जा सकती। जो व्यक्ति सदा कोई-न-कोई **सांसारिक** चिन्ता करता रहता है तथा जो **सर्वदा भय-भीत, शत्रु-ग्रस्त** है और जो **अत्यन्त पातकी, ऋण-ग्रस्त** या **अतिशय कृपण** है, उन सब पापियों के घर में मैं पदार्पण नहीं करूँगी।"

■ "जिस व्यक्ति ने '**दीक्षा**' नहीं ली है, जो सर्वदा **शोक-पीड़ित मन्द-बुद्धि** और **कटु-भाषी** है, सदा कलह करता है, जिसके घर में सदैव झगड़ा होता रहता है, उसके घर में मैं प्रवेश नहीं करूँगी।"

■ "जो व्यक्ति **हरि-पूजा** और **हरि का गुण-गान** नहीं करता अथवा जो **हरि की प्रशंसा** करना नहीं चाहता, जो व्यक्ति **पुत्र** या **कन्या-विक्रय, आत्म-विक्रय** और **ज्ञान-विक्रय** करता है, उसका घर नरक के समान है। वहाँ मैं कदापि नहीं जाऊँगी।"

■ "जो व्यक्ति **कृपणता**-दोष से दूषित होकर **माता-पिता, भार्या, गुरु-पत्नी, गुरु-पुत्र, भगिनी, कन्या** और **आश्रय-रहित बान्धवों का पोषण** न करके सर्वदा धन-सञ्चय में लगा रहता है, मैं कभी भी उसके घर नहीं जाऊँगी।"

■ "जिस व्यक्ति के दन्त मैले, वस्त्र मलिन, मस्तक रुक्ष, बिना चन्दन-भस्म का रहता है, खाना-पीना और हास्य विकृत है तथा जो मूर्ख मूत्र व विष्ठा त्याग करते समय मूत्रादि त्याग करनेवाले को देखता है, जो नङ्गा सोता है, जो सायं-काल सोता है, उसके घर में मैं कभी पदार्पण नहीं करूँगी।"

■ "जहाँ **श्वेत कबूतर** रहते हैं, जहाँ **गृहिणी सुन्दरी** और **कलह-हीना** है, वहाँ मैं स्थिर होकर रहती हूँ। जो **प्रिय-वाक्य-भाषी, वृद्धोपसेवी, प्रिय-दर्शन, अल्प-प्रलापी** तथा **अदीर्घ-सूत्री हैं,** जो **धर्म-शील, जितेन्द्रिय, विद्या-विनीत, अगर्वित, जनानुरागी** हैं और जो **परोपतापी** नहीं हैं, वैसे व्यक्तियों के यहाँ मैं सर्वदा रहती हूँ।"

■ "**आमलक** (**आँवला**), **गो-मय** (**गोबर**), **शङ्ख** और **श्वेत वस्त्र, पद्मोत्पल, चन्द्र, महेश्वर, नारायण, वसुन्धरा** और **उत्सव-मन्दिर**–इन सब स्थानों में **लक्ष्मी जी** नित्य अवस्थान करती हैं।"

■ "जो स्त्रियाँ गुण-भक्ति-युक्ता, पति की आज्ञानुवर्तिनी हैं और जो सर्वदा सन्तुष्टा, धीरा, प्रिय-वादिनी, सौभाग्य-युक्ता, लावण्य-मयी, प्रिय-दर्शना हैं, उनमें **लक्ष्मी** जी सर्वदा विद्यमान रहती हैं।"

***

पालक एवं स्थिति की शक्ति लक्ष्मी देवी

■ एक महा-शक्ति ही अवस्था-भेद से १. 'वस्तु' और २. 'शक्ति'–इस द्वि-विध भेद से व्यक्त भाव से परिणत हो रही है। 'वस्तु' को लेकर जिस भाव से 'शक्ति' जगत् का प्रकाश करती है, उस मिश्र चैतन्य-भाव को 'माया' कहते हैं। 'माया' दो भागों में विभक्त है–१. 'शक्ति-गत माया', २. 'वस्तु-गत माया।' वस्तु-गत माया–पुरुष एवं शक्ति-गत 'माया'–प्रकृति है। 'प्रकृति' के सहयोग से 'पुरुष' कार्य-परक होकर जगत्-रूप से दिखाई देता है।

■ जगत् के सृष्टि, स्थिति और संहार-कार्यों के लिए ब्रह्मा, विष्णु और महेश–'परमेश्वर' के त्रि-गुण एवं त्रि-शक्ति को लेकर कार्य करते हैं। इसी से सगुण 'परमेश्वर'– त्रि-शक्ति-धारी हैं। 'त्रि-शक्ति' जिसमें है, वही त्रि-शक्ति-धारी है।

■ १. काल, २. चैतन्य और ३. सत्–इन तीन नित्य चैतन्य-मय वस्तुओं की जो क्रिया-परक अवस्था है, वही 'त्रि-शक्ति' है। १. द्रव्य, २. ज्ञान और ३. क्रिया–ये तीन 'माया-शक्तियाँ' हैं। इस 'त्रि-शक्ति' से मिश्रित होकर 'माया' नामक चैतन्यांश का प्रकाश हो रहा है। 'परमेश्वर' की उपाधि अमूर्त 'महा-माया' केवल त्रि-गुण-मयी है और सूक्ष्माति-सूक्ष्म शक्ति-पुञ्जी-कृता है। यह 'आद्या-शक्ति' ही सृजन, पालन और लय करने के लिए त्रि-देवों को स्थूल कार्य की शक्ति प्रदान करती है।

■ क्रम-विकास ही 'शक्ति' का विकास है। 'विवर्त-वाद' (शाक्त विवर्त-वाद) ही 'प्रकृति' का प्रकाश है। मन्द-मन्द ही 'प्रकृति' की क्रिया होती है। पाश्चात्य विज्ञान का भी यही मत है, किन्तु 'शाक्त-दर्शन' में 'परिणाम-वाद' और 'आभास-वाद' भी दार्शनिक सिद्धान्त हैं, किन्तु अन्य विवर्तादि से इनका मौलिक भेद है।

■ 'पुरुष' और 'प्रकृति' से चैतन्य-प्रवाह एवं वस्तु-संग्रह-पूर्वक जगत्-प्रकाश को जो उपयोगी बनाता है, वही चैतन्य-मय स्वभाव 'पुरुष' या 'ब्रह्मा' हैं। उनकी शक्ति 'सरस्वती' को जो लोग 'ब्रह्मा' की पत्नी समझते हैं, उन्हें स्मरण रखना होगा कि वे उनकी पत्नी नहीं, किन्तु सूक्ष्म 'शक्ति' हैं। अव्यक्त बीज की तरह गुण उनमें रहता है, किन्तु क्रम-शक्ति की सहायता से ही उसका वर्धन होता है।

■ सृष्टि के प्रारम्भ-काल में कुछ भी नहीं था। 'गुण' और 'शक्ति' का जब नव-विकाश प्रारम्भ हुआ, तब 'गुण-त्रय' और 'शक्ति-त्रय' को लेकर जगत् एवं ब्रह्माण्ड का सृजनादि कार्य प्रारम्भ हुआ। जब सूक्ष्माति-सूक्ष्म उक्त 'गुण-त्रय' और 'शक्ति-त्रय' क्रमशः स्थूल से हमारे स्थूल-तर जगत् पर्यन्त में व्याप्त होते हैं, तभी विश्व शोभा-युक्त होता है। १. परमाणु, २. तन्मात्रा और ३. विन्दु–इन्हें लेकर ही जगत् बनता है। 'परमाणु' को 'त्रि-गुण' कहते हैं और 'अहङ्कार-तत्त्व' से प्रकट होनेवाली 'तन्मात्राओं' से यह विश्व सृष्ट होता है।

■ 'विन्दु'–शब्द-ब्रह्म का अव्यक्त त्रि-गुण एवं चिदंश-बीज है। 'नाद' की एक गति है, किन्तु इस गति की भी एक निर्दिष्ट स्थिति है। सुर-ताल-विशिष्ट शब्द को 'छन्द' कहते हैं। इस 'छन्द' की

अधिष्ठात्री देवी **सरस्वती** हैं। **वैदिक मत** से सुर-ताल से विशिष्ट शब्द-रूपी वाक्य चार प्रकार से विभक्त हैं–१. ॐकार, २. भूः, ३. भुवः और ४. स्वः। ये ही **ब्रह्मा की चतुर्विध अवस्थाएँ** हैं। प्रथम **विशुद्ध** 'तुरीय'-भाव समन्वित अवस्था, द्वितीय **फल-मय 'कारण'**-अवस्था, तृतीय **कारण-मय 'सूक्ष्म'**-अवस्था और चतुर्थ **कार्य-मय 'स्थूल'**-अवस्था होती है। इन **चार अवस्थाओं की कल्पना** के आधार पर **'ब्रह्मा' के चार मुखों की कल्पना** है। इसी प्रकार **ब्रह्मादि** को **महा-शक्ति** ने जो **शक्ति-दान** किया है, वे उनकी अधीनस्थ पत्नियाँ नहीं हैं, अपितु **कार्य-कारणात्मिका सूक्ष्म-तमा शक्तियाँ** हैं। इनकी सहायता से ही वे **सृजनादि कार्य** करते हैं।

■ विश्व के पालन-कर्ता **'विष्णु'** ('सत्त्व-गुण') हैं। **सत्त्व-गुण की शक्ति** अर्थात् अधिष्ठात्री **देवी 'कमला' (लक्ष्मी)** हैं। यह **अनन्त सत्ता** पुराण में **'सहस्त्र-शीर्ष-धारी नारायण'** के नाम से विख्यात है। **महा-शक्ति** की **तीन प्रधान सत्ताएँ** जगत् में देखने को मिलती हैं–१. **सत्**, २. **चित्** और ३. **आनन्द**। इस क्रम से उपादान हैं–१. **कारण**, २. **निमित्त कारण** और ३. **आनन्द**। भोगावस्था में ही स्वरूपानुभव होता है। उसे **'आनन्द'** नाम से बताया है, जिसे चरितार्थ करने के लिए **'उपादान'** और **'निमित्त'** कारणों की भी आवश्यकता रहती है।

■ **उपादान-कारण निमित्त-कारण** की सहायता से **'आनन्द'** में परिणत होता है। जैसे अग्नि-तेज काष्ठ-खण्ड का आश्रय लेकर अन्नादि-प्रस्तुति का निमित्त कारण होता है, उसी प्रकार इस **विश्व-कार्य**-रूपी उपादान-समूह को प्रकाशित करने का एक-मात्र निमित्त-कारण है–**'चैतन्य सत्ता'**। यह **चित्-सत्ता** ही **अनन्त-शिरो-धारी शेष-शायी 'नारायण'** हैं।

■ **अनिश्चित गतिवाली काल-शक्ति** की ही कल्पना पुराणों ने **'शेषनाग'** के रूप में की है। **धर्म, अर्थ, काम** और **मोक्ष**–ये **'विष्णु'** के **चार हाथ** हैं। **'प्रवृत्ति'** और **'निवृत्ति'** उनके पाद हैं। **चतुर्दश भुवन** उनका सर्वाङ्ग है। अनन्त ब्रह्माण्ड के अनन्त जीवों के आधार-भूत होने के कारण उनके नाम हैं **'अनन्त देव'** एवं **'अनन्त-शीर्ष-पुरुष'**। देव-देह से **'अहङ्कार'** अर्थात् **'जीवात्मा'** के आश्रय-दाता होकर **पञ्च-प्राण-रूपी सर्प** के आश्रय में **'विष्णु'** सङ्कर्षण-मूर्त्ति धारण कर रहे हैं। **सत्त्व से स्थिति** है। **आविर्भाव** और **तिरोभाव** की अन्तराल स्थिति या अवस्था को **'स्थिति'** कहते हैं। **'ब्रह्मा'** के **रजो-गुण** या **चैतन्य-शक्ति** से **जगत् का आविर्भाव** होता है। **'शिव'** के **तमो-गुण** से **विश्व का तिरोभाव** होता है। इनका अन्तराल ही **'स्थिति'** है।

■ **'लक्ष्मी देवी'-पालक** एवं **स्थिति-कार्य की शक्ति** हैं। **'लक्ष्मी देवी'-महा-माया** या **आद्या-शक्ति** की **विक्षेप-शक्ति** हैं।

■ **'महा-माया'** की शक्ति द्विविध है–१. **आवरण**, २. **विक्षेप**। **आत्मा** क्या है? हम कौन हैं? इन बातों को जो **'शक्ति'** जानने नहीं देती, वही **'आवरण-शक्ति'** है। जिस शक्ति में **सृष्टि-सामर्थ्य** विद्यमान है, वही **'विक्षेप-शक्ति'** है। अज्ञान से मल द्वारा आवृत्त होने से **'जीव'** ने परिवर्तन-शील भ्रम-मय आकाशादि की सृष्टि कर रखी है। **अज्ञान-शक्ति** द्वारा जीव का सृष्टि-कार्य होता है। उसी को **'विक्षेप (विद्या) शक्ति'** कहते हैं। महा-विद्या **'कमला' (लक्ष्मी देवी)** की साधना द्वारा ही यह **'विक्षेप'** अर्थात् **अज्ञान** दूर होता है।

–'कौलाचार्य' पं० नथमल जी दाधीच

***

श्री लक्ष्मी-स्तोत्र-त्रयी

भगवती लक्ष्मी के प्रस्तुत तीनों स्तोत्र अत्यन्त प्रभावी और सद्यः फलदायी हैं। ये सभी स्तोत्र धन-धान्य, सन्तान, यश, विद्या, आरोग्यता, दीर्घायु आदि प्रदान करते हुए, दुर्भाग्य, शत्रु और राज-भय आदि का नाश करने में समर्थ हैं। इन स्तोत्रों के नित्य पाठ के द्वारा साधक समस्त भोगों को भोगकर मोक्ष पाता है। दीपावली, अक्षय नवमी आदि पर्वों पर भगवती लक्ष्मी की पूजा के बाद इनका पाठ करके शुभ और लाभ प्राप्त किया जा सकता है। नित्य पूजन में भी इनका समावेश अत्यन्त लाभदायी है। -सं०

(१) श्री लक्ष्मी-स्तोत्रम्

।।पूर्व-पीठिका।।

लोपामुद्रा श्रियाः पादौ, धृत्वाननाम सादरम्।
ववन्दे स्तवनं चक्रे, तव लक्ष्मि! सदा सती।।१।।
शृणु तत् स्तवनं येन, स्तावकाः स्युर्धनाश्रयाः।
नैक - सम्पत् समायुक्ताः, त्वया प्रसन्नयेक्षिताः।।२।।

।।मूल-पाठ-श्रीलोपामुद्रा उवाच।।

मातः नमामि कमले!, पद्माऽऽयतं सु - लोचने!।
श्रीविष्णु-हृत्-कमलस्थे!, विश्व-मातः नमोऽस्तु ते।।१।।
क्षीर - सागर - सत्पुत्रि!, पद्म - गर्भाभ - सुन्दरि!।
लक्ष्मि प्रसीद सततं, विश्व-मातः नमोऽस्तु ते।।२।।
महेन्द्र - सदने त्वं श्रीः, रुक्मिणि! कृष्ण-भामिनि!।
चन्द्रे ज्योत्स्ना प्रभा सूर्ये, विश्व-मातः नमोऽस्तु ते ।।३।।
स्मितानने जगद्धात्रि!, शरण्ये सुख - वर्द्धिनि!।
जातवेदसि दहने, विश्व - मातः नमोऽस्तु ते।।४।।
ब्रह्माणि त्वं सर्जनाऽसि, विष्णौ त्वं पोषिका सदा।
शिवौ संहारिका - शक्तिः, विश्व-मातः नमोऽस्तु ते।।५।।
त्वया शूरा - गुणी - विज्ञा, धन्या - मान्या - कुलीनका।
कला-शील-कलापाढ्यै, विश्व-मातः नमोऽस्तु ते।।६।।

त्वया गजस्तुरङ्गश्च, स्त्रैणस्तृणं सरः सदः।
देवो गृहं कणः श्रेष्ठा, विश्व-मातः नमोऽस्तु ते।।७।।
हवन-सामग्री—(१) **त्रि-मधुर** (घी, शहद, शर्करा)-**प्लुत पद्म**, (२) **बिल्व**-समिध, (३) **क्षीरान्न** (खीर) और (४) **सर्पिष**। इन चार द्रव्यों से पृथक्-पृथक् **तीन-तीन सौ** अर्थात् कुल **१२०० आहुतियाँ** प्रदान करके **हवन** करें।

श्री-सूक्त की **पन्द्रह ऋचाओं की २० (बीस) आवृत्तियाँ** करते हुए **हवन** करने से **तीन सौ आहुतियाँ** प्रत्येक द्रव्य की हो जाती हैं। इस तरह उपर्युक्त **चार द्रव्यों से हवन** करने के लिए **श्री-सूक्त की बीस-बीस आवृत्तियों** के क्रम से **चार बार आवृत्ति** करनी होगी। इस प्रकार **हवन** के लिए **श्री-सूक्त** की कुल २० × ४ = ८० **आवृत्तियाँ** होंगी।

(**श्री-सूक्त** की **८०० आवृत्तियाँ** करने से ऋचाओं का कुल ८०० × १५ = १२,००० (**बारह हजार**) **जप/ पाठ** हुआ था। ८०० का दशांश ८०। इस तरह **हवन** की संख्या ८० × १५ = १,२०० (एक हजार दो सौ हुई)।

ब्राह्मण-भोजन—द्वादशी के दिन ही **हवन** के बाद १२ (बारह) सत्पात्र-सदाचारी-लक्ष्मी-भक्त ब्राह्मणों को भोजन कराएँ। गुरुदेव एवं ब्राह्मणों को यथा-शक्ति **दक्षिणा** देकर सन्तुष्ट करें।

प्रयोग :— १. **श्री-सूक्त** के **१५ मन्त्रों** और उपर्युक्त **३२ नामों** से प्रति-दिन **'घी' से हवन** करने पर ६ मास में **भगवती लक्ष्मी की कृपा** प्राप्त होती है।

२. **शुक्ल-पक्ष** की **प्रतिपदा** से प्रारम्भ करके प्रति-दिन **''कांसोस्मीति०''** इस ऋचा का **एक सौ आठ बार जप** करके **'घी' से ग्यारह (११) बार हवन** करे। इस प्रयोग से ६ मास में **महती सम्पत्ति की प्राप्ति** होती है।

३. स्नान के समय **श्री-सूक्त** के मन्त्रों से **जल-ग्रहण** करे। उस **जल को तीन बार अभिमन्त्रित** करके उससे तीन बार अपना **अभिषिञ्चन** करे। फिर सूर्य की ओर मुँह करके **तीन बार श्री-सूक्त का तीन बार जप** करे। फिर **तीन बार तर्पण** करे। **सूर्य-नारायण की पूजा** करके हविष्यान्न से **प्रति-दिन हवन** करे। ६ मास में **महती लक्ष्मी की प्राप्ति** होती है।

४. प्रत्येक **शुक्रवार** को १०८ अधखिले कमल लाकर उनमें **नवनीत (मक्खन)** भरे। **अन्तिम ऋचा का पाठ** करते हुए इन कमलों से **हवन** करे। **४४ शुक्रवारों** तक यह प्रयोग करने से चञ्चला लक्ष्मी **'अचञ्चला'** हो जाती हैं।

विधि-निषेध—पुरश्चरण/ प्रयोग-काल में साधक शुद्ध श्वेत वस्त्र धारण करे। शरीर पर हल्दी का लेप न लगाए। द्रोण पुष्प, कमल, बिल्व-पुष्प धारण न करे। नग्न होकर जल में प्रवेश न करे। शुद्ध शय्या पर शयन करे। उच्छिष्ट मुँह और तेल लगाकर जप/पूजा न करे। नीच व्यक्तियों का स्पर्श/सम्पर्क न करे।

'श्री सूक्त' के प्रयोग

(१)

श्रीं ह्रीं क्लीं॥ हिरण्य-वर्णां हरिणीं, सुवर्ण-रजत-स्त्रजाम् ।

चन्द्रां हिरण्मयीं लक्ष्मीं, जात-वेदो म आवह॥ श्रीं ह्रीं क्लीं

स्वर्ण से **लक्ष्मी की मूर्ति** बनाकर उस मूर्ति का **पूजन** हल्दी और **सुवर्ण-चाँदी के कमल-पुष्पों से** करे। फिर **सुवासिनी-सौभाग्यवती स्त्री** और **गाय का पूजन** कर, **पूर्णिमा के चन्द्र** में अथवा **जल से भरे हुए कुम्भ में श्रीपरा-नारायणी का ध्यान** कर, **सोने की माला** से **कमल-पत्र के आसन** पर बैठकर, '**श्री-सूक्त**' की उक्त '**हिरण्य-वर्णां०**' ऋचा में '**श्रीं ह्रीं क्लीं**' बीज जोड़कर **प्रातः, दोपहर** और **सायं एक-एक हजार (दस-दस माला) जप** करे। इस प्रकार **एक लाख पचीस हजार 'जप'** होने पर **मधु** और **कमल-पुष्प** से दशांश '**होम**' करे और '**तर्पण**', '**मार्जन**' तथा '**ब्राह्मण-भोजन**' नियम से करे।

इस 'प्रयोग' का '**पुरश्चरण**' **३२ लाख 'जप'** का है। सवा लाख का '**जप**' व '**होम**' हो जाने पर, दूसरे सवा लाख का '**जप**' प्रारम्भ करे। ऐसे कुल **२६ प्रयोग** करने पर **३२ लाख का प्रयोग** सम्पूर्ण होता है। इस '**प्रयोग**' का फल राज-वैभव, सुवर्ण, रत्न, वैभव, विलास, वाहन, स्त्री, सन्तान और सब प्रकार के सांसारिक सुख की प्राप्ति है। पहिला '**प्रयोग**' पूर्ण होने से लाभ होने लगेगा। व्यापार, उद्यम, नौकरी-धन्धा, राज-कार्य आदि में विविध लाभ होने लगेगा। कर्ता और उसके कुटुम्बी-जनों को १०० वर्ष से अधिक आयुष्य मिलकर अन्त में उत्तम लोक की प्राप्ति होती है।

* * *

(२)

ॐ श्रीं ह्रीं श्रीं कमले कमलालये प्रसीद प्रसीद ॐ श्रीं ह्रीं श्रीं महा-लक्ष्म्यै नमः॥

दुर्गे ! स्मृता हरसि भीतिमशेष-जन्तोः, स्वस्थैः स्मृता मतिमतीव-शुभां ददासि।

ॐ ऐं हिरण्य-वर्णां हरिणीं, सुवर्ण-रजत-स्त्रजाम् ।

चन्द्रां हिरण्मयीं लक्ष्मीं, जात-वेदो म आवह॥

दारिद्र्य-दुःख-भय-हारिणि का त्वदन्या, सर्वोपकार-करणाय सदाऽर्द्र - चित्ता ॥

ॐ श्रीं ह्रीं श्रीं कमले कमलालये प्रसीद प्रसीद ॐ श्रीं ह्रीं श्रीं महा-लक्ष्म्यै नमः ॥

यह '**श्री-सूक्त**' का एक मन्त्र सम्पुटित हुआ। इस प्रकार '**तां म आवह**' से लेकर '**यः शुचिः**' तक के १६ मन्त्रों को सम्पुटित कर पाठ करने से **१ पाठ** हुआ। ऐसे **१२ हजार पाठ** करे। **चम्पा का फूल, शहद, घृत, गुड़** का १२०० पाठ से **होम**, १२० पाठ से **तर्पण**, १२ पाठ से **मार्जन** और यथा-शक्ति ब्रह्म-भोजन करे। इस '**प्रयोग**' से धन-धान्य, ऐश्वर्य, समृद्धि, वचन-सिद्धि प्राप्त होती है।

* * *

(३)

ॐ ऐं ॐ ह्रीं॥ तां म आवह जात-वेदो, लक्ष्मीमनप-गामिनीम्।
यस्यां हिरण्यं विन्देयं, गामश्वं पुरुषानहम् ॥ ॐ ऐं ॐ ह्रीं

लक्ष्मी की स्वर्ण की मूर्ति बनाकर, हल्दी और **स्वर्ण-रौप्य के कमल-पुष्पों** से पूजन करे। **सुवासिनी स्त्री** और **गाय का पूजन** करे। **पूर्णिमा के चन्द्र** में अथवा **जल से भरे हुए कुम्भ** में **श्रीनारायणी का ध्यान** कर **सोने की माला** से **कमल के आसन** पर बैठकर '**जप**' करे। नित्य **सायं-काल एक हजार** '**जप**' करे। कुल **३२ दिन का** '**प्रयोग**' है। दशांश **होम, तर्पण, मार्जन, ब्रह्म-भोजन** करे। माँ लक्ष्मी स्वप्न में आकर धन के स्थान या धन-प्राप्ति के जो साधन अपने चित्त में होंगे, उनकी सफलता का मार्ग बताएँगी। धन-समृद्धि स्थिर रहेगी। प्रत्येक तीन वर्ष के अन्तराल में यह '**प्रयोग**' ३२ दिन तक करने से जीवन भर लक्ष्मी की न्यूनता न रहेगी और स्त्री, सन्तान, परिवार सुखी होंगे।

* * *

(४)

ॐ ह्रीं ॐ श्रीं॥ अश्व-पूर्वां रथ-मध्यां, हस्ति-नाद-प्रबोधिनीम्।
श्रियं देवीमुपह्वये, श्रीर्मा देवी जुषताम् ॥ ॐ ह्रीं ॐ श्रीं

उक्त मन्त्र का **प्रातः, मध्याह्न** और **सायं** प्रत्येक काल **१०-१० माला** '**जप**' करे। सङ्कल्प, न्यास, ध्यान कर '**जप**' का प्रारम्भ करे। इस प्रकार ४ वर्ष करने से मन्त्र सिद्ध होता है। खोया हुआ या शत्रुओं द्वारा छीना हुआ धन प्राप्त होता है। '**प्रयोग**' का 'पुरश्चरण' **३६ लाख मन्त्र-जप** का है। स्वयं न कर सके, तो विद्वान् ब्राह्मणों द्वारा कराया जा सकता है।

* * *

(५)

करोतु सा नः शुभ हेतुरीश्वरी, शुभानि भद्राण्यभिहन्तु चापदः।
अश्व-पूर्वां रथ-मध्यां, हस्ति - नाद-प्रबोधिनीम्।
श्रियं देवीमुपह्वये, श्रीर्मा देवी जुषताम्॥
करोतु सा नः शुभ हेतुरीश्वरी, शुभानि भद्राण्यभिहन्तु चापदः।

उक्त आधे मन्त्र का सम्पुट कर **१२ हजार जप** करे। दशांश **होम-तर्पण-मार्जन-ब्राह्मण-भोजन** करे। इससे धन, ऐश्वर्य, यश बढ़ता है। शत्रु वश में होते हैं। खोई हुई लक्ष्मी, सम्पत्ति पुनः प्राप्त होती है।

* * *

(६)

ॐ श्रीं ॐ क्लीं॥ कांसोऽस्मि तां हिरण्य-प्राकारामार्द्रां ज्वलन्तीं तृप्तां तर्पयन्तीम् ।
पद्मे स्थितां पद्म-वर्णां तामिहोपह्वये श्रियम् ॥ ॐ श्रीं ॐ क्लीं

उक्त मन्त्र का पुरश्चरण **आठ लाख 'जप'** का है। **प्रातः, सायं** या **प्रातः, मध्याह्न, सायं** या **प्रातः** अनुकूल समयानुसार **'जप'** करे। **'जप'** पूर्ण होने पर **पलाश, ढाक की समिधा, दूध** और **गाय के घी** से दशांश **'होम'** करे और उससे दशांश **तर्पण, मार्जन, ब्रह्म-भोजन** करे। नित्य प्रातः एक ही समय **'जप'** किया जाता हो, तो **अमावास्या के दिन ५ हजार 'जप'** करे। इस **'प्रयोग'** से सभी प्रकार की समृद्धि और श्रेय मिलता है। शत्रुओं का क्षय होता है।

* * *

(७)

सर्वा-बाधा-प्रशमनं, त्रैलोक्यस्याखिलेश्वरि! एवमेव त्वया कार्यमस्मद्-वैरि-विनाशनम् ॥
कांसोऽस्मि तां हिरण्य-प्राकारामार्द्रां ज्वलन्तीं तृप्तां तर्पयन्तीम् ।
पद्मे स्थितां पद्म - वर्णां, तामिहोपह्वये श्रियम् ॥
सर्वा-बाधा-प्रशमनं, त्रैलोक्यस्याखिलेश्वरि! एवमेव त्वया कार्यमस्मद्-वैरि-विनाशनम् ॥

उक्त सम्पुट का **१२ लाख 'जप'** करे। ब्राह्मण द्वारा कराया जा सकता है। इससे गत वैभव पुनः प्राप्त होता है और धन-धान्य-समृद्धि, ऐश्वर्य मिलते हैं। शत्रुओं का पराभव भी होता है।

* * *

(८)

ॐ श्रीं ह्रीं श्रीं॥ कमले कमलालये प्रसीद प्रसीद महा-लक्ष्म्यै नमः॥
दुर्गे! स्मृता हरसि भीतिमशेष-जन्तोः, स्वस्थैः स्मृता मतिमतीव-शुभां ददासि।
कांसोऽस्मि तां हिरण्य-प्राकारामार्द्रां ज्वलन्तीं तृप्तां तर्पयन्तीम् ।
पद्मे स्थितां पद्म - वर्णां, तामिहोपह्वये श्रियम् ॥
दारिद्र्य-दुःख-भय-हारिणि का त्वदन्या, सर्वोपकार-करणाय सदाऽऽर्द्र-चित्ता!!
कमले कमलालये प्रसीद प्रसीद महा-लक्ष्म्यै नमः॥ ॐ श्रीं ह्रीं श्रीं

उक्त प्रकार से सम्पुटित मन्त्र का **१२ हजार 'जप'** करे। इस प्रयोग से वैभव, लक्ष्मी, सम्पत्ति, वाहन, घर, स्त्री, सन्तान का लाभ मिलता है।

* * *

(९)

ॐ क्लीं ॐ वद-वद॥ चन्द्रां प्रभासा यशसा ज्वलन्तीं श्रियं लोके देव - जुष्टामुदाराम् ।

तां पद्म-नेमिं शरणमहं प्रपद्ये अलक्ष्मीर्मे नश्यतां त्वां वृणोमि॥ ॐ क्लीं ॐ वद-वद

उक्त मन्त्र का **सङ्कल्प, न्यास, ध्यान** कर **एक लाख पैतीस हजार 'जप'** करना चाहिए। गाय के गोबर से लिपे हुए स्थान पर बैठकर नित्य **एक हजार 'जप'** करना चाहिए। यदि शीघ्र सिद्धि प्राप्त करना हो, तो **प्रातः, मध्याह्न** और **सायं** तीनों काल **एक-एक हजार** जपे। अथवा ब्राह्मणों के द्वारा **'प्रयोग'** करावे। **४५ हजार** पूर्ण होने पर दशांश **होम, तर्पण, मार्जन, ब्रह्म-भोजन** करे। **सौभाग्यवती स्त्रियों का पूजन** करे। देवी की मूर्ति का **कमल-पुष्पों से पूजन** कर, गौओं को घास खिलाए। इस **'प्रयोग'** से दरिद्र मनुष्य धनवान् होता है और खोई हुई धन, सम्पत्ति, जमीन आदि प्राप्त होती हैं। **'ध्यान'** इस प्रकार है—

अक्षीण-भासां चन्द्राख्यां, ज्वलन्तीं यशसा श्रियम् ।

देव - जुष्टामुदारां च , पद्मिनीमीं भजाम्यहम् ॥

* * *

(१०)

ॐ वद वद वाग्वादिनि॥ आदित्य-वर्णे! तपसोऽधिजातो, वनस्पतिस्तव वृक्षोऽथ बिल्वः।

तस्य फलानि तपसा नुदन्तु , मायान्तरायाश्च बाह्या अलक्ष्मीः ॥ ॐ वद वद वाग्वादिनि

देवी की **स्वर्ण की प्रतिमा (मूर्ति)** बनवाए। **चन्दन, पुष्प, बिल्व-पत्र, हल्दी, कुमकुम** से उसका पूजन कर **एक से तीन हजार** तक उक्त मन्त्र का **'जप'** करे। कुल **११,००,००० ग्यारह लाख** का **'प्रयोग'** है। **'जप'** पूर्ण होने पर **बिल्व-पत्र, घी, खीर** से दशांश **होम, तर्पण, मार्जन, ब्रह्म-भोजन** करे। यह प्रयोग ब्राह्मण द्वारा भी कराया जा सकता है। **'ऐं क्लीं सौः ऐं श्रीं'**—इन बीजों से **कर-न्यास** और **हृदयादि-न्यास** करे। **'ध्यान'** इस प्रकार करे—

उदयादित्य-सङ्काशां, बिल्व-कानन-मध्यगाम् ।

तनु-मध्यां श्रियं ध्यायेदलक्ष्मी-परिहारिणीम् ॥

'प्रयोग' - काल में फल और दूध का आहार करे। पकाया हुआ पदार्थ न खाए। पके हुए बिल्व-फल फलाहार में खाए जा सकते हैं। यदि सम्भव हो, तो **बिल्व-वृक्ष** के नीचे बैठकर **'जप'** करे। इस प्रयोग से 'वाक्-सिद्धि' होती है और लक्ष्मी स्थिर होकर घर में रहती है। निर्धनता, दरिद्रता, क्लेश, क्षुद्र सत्त्वों का उपद्रव, भूत, प्रेत, पिशाच आदि की पीड़ा नष्ट होती है और मनुष्य धनवान् बनता है।

* * *

(११)

ज्ञानिनामपि चेतांसि, देवी भगवती हि सा। बलादाकृष्य मोहाय, महा-माया प्रयच्छति॥
आदित्य-वर्णे तपसोऽधिजातो, वनस्पतिस्तव वृक्षोऽथ बिल्वः।
तस्य फलानि तपसा नुदन्तु, मायान्तरायाश्च बाह्या अलक्ष्मीः ॥
ज्ञानिनामपि चेतांसि, देवी भगवती हि सा। बलादाकृष्य मोहाय, महा-माया प्रयच्छति॥

उक्त मन्त्र का १२,००० '**तप**' कर दशांश **होम, तर्पण** आदि करे। इस प्रयोग से जिस वस्तु की या जिस मनुष्य की इच्छा हो, उसका आकर्षण होता है और वह अपने वश में रहता है। राजा या राज्य-कर्ताओं को वश करने के लिए ४८,००० '**जप**' करना चाहिए और तद्दशांश '**होम**' आदि करना चाहिए।

* * *

(१२)

ॐ वाग्-वादिनी ॐ ऐं। उपैतु मां देवसखः, कीर्तिश्च मणिना सह।
प्रादुर्भूतोऽस्मि राष्ट्रेऽस्मिन् , कीर्तिं वृद्धिं ददातु मे ॥ ॐ वाग्-वादिनी ॐ ऐं

उक्त मन्त्र का ३२,२०,००० बत्तीस लाख, बीस हजार '**जप**' करे। "**ॐ अस्य श्री-सूक्तस्य 'उपैतु मां०' मन्त्रस्य कुबेर ऋषिः, मणि-मालिनी लक्ष्मीः देवता, अनुष्टुप् छन्दः, श्री ब्लूं क्लीं बीजानि ममाभीष्ट-कामना-सिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः।**" इस प्रकार '**विनियोग**', '**ऋष्यादि-न्यास**' कर '**आं ह्रीं क्रों ऐं श्रीं आं ह्रं क्रौं ऐं**' इन ९ बीजों से '**कर-न्यास**' एवं '**हृदयादि-न्यास**' करे। '**ध्यान**' इस प्रकार करे—

राज-राजेश्वरीं लक्ष्मीं, वरदां मणि-मालिनीं। देवीं देव-प्रियां कीर्त्तिं, वन्दे काम्यार्थ-सिद्धये॥

मणि-मालिनी लक्ष्मी देवी की **स्वर्ण की मूर्ति** बनाकर **दूर्वा, बिल्व-पत्र, हल्दी, अक्षत, मोती, केवड़ा, चन्दन, पुष्प आदि से पूजन** करे। '**श्री ललिता-सहस्त्रनाम-स्तोत्र**' के प्रत्येक नाम के साथ '**श्रीं**'-बीज लगाकर पूजन करे। सन्ध्यादि नित्य-कर्म कर '**प्रयोग**' का प्रारम्भ करे। **घी का दीप** और **गूगल का धूप** करे। द्राक्षा, खजूर, केले, ईख, शहद, घी, दाड़िम, केरी, नारियल आदि जो प्राप्त हो, नैवेद्य में दे। प्रातः और मध्याह्न में १,००० और रात्रि में २,००० **नित्य जप** करे। ढाई साल में एक व्यक्ति **बत्तीस लाख बीस हजार का जप** पूर्ण कर सकता है। जप करने के लिए **प्रवाल की माला** ले। 'जप' पूर्ण होने पर **अपामार्ग की समिधा, घृत, खीर से दशांश होम** कर **मार्जन** और **ब्रह्म-भोज** करे।

८ **लाख का होम** करने के लिए आवश्यक ब्राह्मणों को बिठाकर, निर्दिष्ट दिन-पर्यन्त '**होम**' करके '**पूर्णाहुति**' करे। होम का कार्य जब तक चले, प्रति-दिन सौभाग्यवती स्त्रियों और गौओं का पूजन कर, उनका वस्त्र आदि से सत्कार कर मिष्ठ भोजन करावे। इस प्रयोग से **कुबेर** आदि देव साक्षात् या स्वप्न में दर्शन देते हैं और धन, सुवर्ण, रत्न, रसायन, औषधि, दिव्याञ्जन आदि देते हैं।

यदि एक ही व्यक्ति यह '**प्रयोग**' करे, तो रात्रि के समय २,००० या उससे ज्यादा भी '**जप**' कर सकता है अथवा कई ब्राह्मणों द्वारा '**जप**' कराने से प्रयोग शीघ्र पूर्ण होता है।

* * *

(१३)

ॐ ऐं ॐ सौः। क्षुत् - पिपासामलां ज्येष्ठामलक्ष्मीं नाशयाम्यहम् ।
अभूतिमसमृद्धिं च , सर्वान् निर्णुद मे गृहात् ॥ ॐ ऐं ॐ सौः

उक्त मन्त्र का ३२,००० बत्तीस हजार '**जप**' करे। प्रति-दिन रात्रि में ३,००० तीन हजार '**जप**' **वीरासन से बैठकर** करे। '**अग्नि-होत्र कुण्ड**' के सम्मुख बैठकर '**जप**' करने से विशेष फल मिलता है। **रुद्राक्ष की माला** से '**जप**' करे। **तिल, गुड़** और **घी से दशांश होम** तथा **तर्पण, मार्जन, ब्रह्म-भोज** करावे। '**प्रयोग**' में नीचे लिखे हुए मन्त्र से 'ध्यान' करे—

खड्गं स-वात - चक्रं च, कमलं वरमेव च। करैश्चतुर्भिर्विभ्राणां, ध्याये चन्द्राननां श्रियम् ॥

एक '**अनुष्ठान**' दस दिन में पूर्ण होगा। पीछे दूसरा '**अनुष्ठान**' प्रारम्भ करे। '**अनुष्ठान**' का प्रभाव पहले '**अनुष्ठान**' से ही दिखाई देगा। जैसे-जैसे दूसरे, तीसरे '**अनुष्ठान**' होंगे, वैसे-वैसे कार्य-सिद्धि होगी। चार '**अनुष्ठान**' पूर्ण होने पर अभिलाषा पूर्ण होगी। कार्य की महत्ता के अनुसार '**अनुष्ठान**' करे। इस प्रयोग से शत्रु का या बिना कारण हानि पहुँचानेवाले का नाश होगा और दरिद्रता, निर्धनता, रोग, भय, जनपद-विध्वंसकारी दैवी तत्त्वों की पीड़ा आदि नष्ट होकर '**प्रयोग**' करनेवाला अपने कुटुम्ब के साथ दीर्घायुषी और ऐश्वर्यवान होता है। ग्रह-दोषों का अनिष्ट फल, कारण और क्षुद्र सत्वों की पीड़ा आदि नष्ट होकर भाग्योदय होता है।

* * *

(१४)

रोगानशेषानपहंसि तुष्टा, रुष्टा तु कामान् सकलानभीष्टान् ।
त्वामाश्रितानां न विपन्नराणाम्, त्वामाश्रिता ह्याश्रयतां प्रयान्ति॥
क्षुत्-पिपासामलां ज्येष्ठामलक्ष्मीं नाशयाम्यहं। अभूतिमसमृद्धिं च, सर्वान् निर्णुद् मे गृहात् ॥
रोगानशेषानपहंसि तुष्टा, रुष्टा तु कामान् सकलानभीष्टान् ।
त्वामाश्रितानां न विपन्नराणाम्, त्वामाश्रितां ह्याश्रयतां प्रयान्ति॥

उक्त मन्त्र का १,००० '**जप**' रात्रि में करे। २,००० '**जप**' होने पर दशांश होम—काले तिल, सुपाड़ी, राई से करे। दशांश **तर्पण, मार्जन** आदि करे। शत्रु के विनाश के लिए, रोगों की शान्ति के लिए और विपत्तियों के निवारण के लिए यह उत्तम प्रयोग है। शत्रु-नाश के लिए रीठे के बीज की माला से काले ऊन के आसन पर '**वीरासन**' - **मुद्रा** से बैठकर '**क्रोध**' - **मुद्रा** से जप करे।

* * *

(१५)

ॐ सौः ॐ हंसः। गन्ध - द्वारां दुराधर्षां, नित्य-पुष्टां करीषिणीम् ।

ईश्वरीं सर्व - भूतानां , तामिहोपह्वये श्रियम् ॥ ॐ सौः ॐ हंसः

उक्त मन्त्र १,६०,००० '**जप**' करे। **कमल-गट्टे की माला** से **कमल के आसन** पर अथवा **कौशेय वस्त्र के आसन** पर बैठकर '**जप**' करे। '**स्थण्डिल**' पर केसर, कस्तूरी, चन्दन, कपूर आदि सुगन्धित द्रव्य रखकर **श्रीलक्ष्मी देवी की मूर्ति की पूजा** कर '**जप**' करे। प्रति-दिन प्रातः और सायं, दो समय निश्चित संख्या में '**जप**' करे। '**जप**' पूर्ण होने पर **खीर, कमल पुष्प और तिल से दशांश होम** कर **तर्पण, मार्जन** आदि करे। इस '**प्रयोग**' से धन-धान्य, समृद्धि, सोना-चाँदी, रत्न आदि मिलते हैं और सम्पन्न महानुभावों से बड़ा मान मिलता है।

* * *

(१६)

ॐ हंसः ॐ आं। मनसः काममाकूतिं, वाचः सत्यमशीमहि।

पशूनां रूपमन्नस्य , मयि श्रीः श्रयतां यशः ॥ ॐ हंसः ॐ आ

उक्त मन्त्र ८ लाख जपे। '**ऐं-लं-वं-श्रीं**'—को मन्त्र के साथ जोड़कर न्यास करे। यथा—

कर-न्यास : **ऐं लं वं श्रीं मनसः** अंगुष्ठाभ्यां नमः। **ऐं लं वं श्रीं काममाकूतिं** तर्जनीभ्यां स्वाहा। **ऐं लं वं श्रीं वाचः सत्यमशीमहि** मध्यमाभ्यां वषट्। **ऐं लं वं श्रीं पशूनां** अनामिकाभ्यां हुं। **ऐं लं वं श्रीं रूपमन्नस्य मयि** कनिष्ठिकाभ्यां वौषट्। **ऐं लं वं श्रीं श्रीः श्रयतां यशः** करतल-कर-पृष्ठाभ्यां फट्।

अङ्ग-न्यास : **ऐं लं वं श्रीं मनसः** हृदयाय नमः। **ऐं लं वं श्रीं काममाकूतिं** शिरसे स्वाहा। **ऐं लं वं श्रीं वाचः सत्यमशीमहि** शिखायै वषट्। **ऐं लं वं श्रीं पशूनां** कवचाय हुं। **ऐं लं वं श्रीं रूपमन्नस्य मयि** नेत्र-त्रयाय वौषट्। **ऐं लं वं श्रीं श्रीः श्रयतां यशः** अस्त्राय फट्।

तां ध्यायेत् सत्य-सङ्कल्पां, लक्ष्मीं क्षीरोदन - प्रियाम्। ख्यातां सर्वेषु भूतेषु, तत्तद् ज्ञान - बल - प्रदाम्॥

उक्त '**ध्यान**' करे। **बिल्व-फल, बिल्व-काष्ठ, पलाश (ढाक) की समिधा, घृत, तिल, शक्कर आदि से दशांश 'होम'** कर **तर्पण, मार्जन** आदि करे। '**प्रयोग**' बड़ी संख्या का होने से पवित्र ब्राह्मण द्वारा कराया जा सकता है। इस '**प्रयोग**' से इच्छित वस्तु प्राप्त होती है और धन-धान्य, समृद्धि, वैभव-विलास बढ़ते हैं।

* * *

(१७)

ॐ आं ॐ ह्रीं। कर्दमेन प्रजा - भूता, मयि सम्भव-कर्दम !

श्रियं वासय मे कुले , मातरं पद्म - मालिनीम् ॥ ॐ आं ॐ ह्रीं

उक्त मन्त्र का ३२ लाख '**जप**' करे। मन्त्र के साथ '**वं श्रीं**' बीज जोड़कर न्यास करे।

स वत्सा गौरिव प्रीता, कर्दमेन यथेन्दिरा। कल्याणी मद्-गृहे नित्यं, निवसेत् पद्म-मालिनी॥

उक्त '**ध्यान**' करे। जीवित बछड़ेवाली गाय का और पुत्रवती, सौभाग्यवती स्त्रियों का पूजन करे। गो-शाला में बैठकर कमल-गट्टे की माला से '**जप**' करे। प्रति-दिन छोटे बच्चों को दूध पिलाए। '**जप**' पूर्ण होने पर **दशांश होम, मार्जन, ब्रह्म-भोज** आदि करे। '**प्रयोग**' बड़ा होने से ब्राह्मण द्वारा कराए। इस प्रयोग से वन्ध्या स्त्री को भाग्य-शाली पुत्र होता है। वंश-वृद्धि होती है। वंश में कोई निर्धन, दरिद्र, रोगी, अन्धा, कञ्जूस, पापी नहीं होता। '**होम**'-**शिव-लिङ्गी बीज, खीर, श्वेत तिल, दूर्वा, घी** से करे। **दूध** से '**तर्पण**' और '**मार्जन**' करे।

* * *

(१८)

ॐ क्लीं ॐ श्रीं। आर्द्रां यष्करिणीं यष्टिं, सुवर्णां हेम-मालिनीम्।
सूर्यां हिरण्मयीं लक्ष्मीं, जात - वेदो म आवह ॥ ॐ क्लीं ॐ श्रीं

उक्त मन्त्र के अनुष्ठान में **३,६०,००० तीन लाख साठ हजार** '**जप**' करना होता है। तालाब के किनारे अथवा कमल पुष्पों के आसन पर बैठकर, **कमल-गट्टे** या **स्वर्ण की** '**माला**' में प्रति-दिन **तीन हजार** '**जप**' करे। १२० दिन में '**प्रयोग**' पूर्ण होगा। **खीर, कमल-पुष्प** या **घी आदि से दशांश होम** करे। १०० **सुवासिनी स्त्रियों को भोजन** कराए और वस्त्र-भूषण, दक्षिणा दे। '**ध्यान**' निम्न प्रकार करे—

तां स्मरेदभिषेकार्द्रां, पुष्टिदां पुष्टि-रूपिणीं। रुक्माभां स्वप्न-धी-गम्यां, सुवर्णां स्वर्ण-मालिनीं।
सूर्यामैश्वर्य-रूपां च, सावित्रीं सूर्य-रूपिणीम्। आत्म-संज्ञां च चिद्रूपां, ज्ञान-दृष्टि-स्वरूपिणीं।
चक्षुः-प्राशदां चैव, हिरण्य-प्रचुरां तथा। स्वर्णात्मनाऽऽविर्भूतां च, जातवेदो म आवह॥

इस प्रयोग से ग्रहों की पीड़ा, ग्रह-बाधा-निवृत्ति होकर भाग्य का उदय होता है। अपना और अपने कुटुम्बियों के शरीर नीरोगी, दीर्घायुषी और प्रभावशाली होते हैं। जिससे मिलने की इच्छा हो, वह मनुष्य आ मिलता है।

* * *

(१९)

ॐ श्रीं ॐ हूँ। तां म आवह जात-वेदो, लक्ष्मीमनप - गामिनीम्।
यस्यां हिरण्यं प्रभूतं गावो, दास्योऽश्वान् विन्देयं पुरुषानहं॥ ॐ श्रीं ॐ हूँ

'**ॐ अस्य श्रीपञ्च-दश-मन्त्र ऋचः कुबेरो ऋषिः, भूत-धात्री लक्ष्मी देवता, प्रस्तार-पंक्तिश्छन्दः, ह्रीं श्रीं ह्रीं इति बीजानि, ममाभीष्ट-फल-प्राप्त्यर्थे जपे विनियोगः।**' इस प्रकार विनियोग कर **ऋष्यादि-न्यास** करे। '**ह्रीं श्रीं ह्रीं**' ये बीज लगाकर **अङ्ग-न्यास, हृदयादि-न्यास** करे। '**ध्यान**' इस प्रकार करे—

ध्याये लक्ष्मीं प्रहसित-मुखीं राज-सिंहासनास्थां। मुद्रा-शक्ति-सकल-विनुतां सर्व-संसेव्यनाम्।
अग्नौ पूज्यामखिल-जननीं हेम-वर्णां हिरण्यां। भाग्योपेतां भुवन-सुखदां भार्गवीं भूत-धात्रीम्॥

ज्वारी अथवा गेहूँ की राशि के ऊपर रेशमी आसन बिछाकर, **कमल-बीज की 'माला'** से नित्य **तीन हजार 'जप'** करे। कुल **सवा-लाख 'जप'** करे। सवा लाख '**जप**' पूर्ण होने पर **दूर्वा, खीर, मधु, घृत आदि से दशांश होम, तर्पण, मार्जन** आदि करे। इस '**प्रयोग**' के फल-स्वरूप लक्ष्मी स्थिर रहती है। विपुल प्रमाण में लक्ष्मी मिलती है। धन-धान्य, ऐश्वर्य, समृद्धि बढ़ती है। खोई हुई सम्पत्ति पुनः प्राप्त होती है। कार्य की महत्ता देखकर प्रयोग दो-गुना, चौ-गुना या अधिक करना चाहिए। '**प्रयोग**' के प्रारम्भ के कुछ दिनों बाद फल दिखाई पड़ता है।

* * *

(२०)

ॐ क्रौं ॐ क्लीं। आर्द्रां पुष्करिणीं पुष्टिं, पिङ्गलां पद्म-मालिनीम् ।
चन्द्रां हिरण्मयीं लक्ष्मीं , जात - वेदो म आवहम ॥ ॐ क्रौं ॐ क्लीं

उक्त मन्त्र प्रति-दिन **३,००० जप** करे। **शुक्ल-पक्ष** की **पञ्चमी** से प्रारम्भ कर **पूर्णिमा** तक '**जप**' करे। फिर दूसरे मास में **शुक्ल पञ्चमी** से **पूर्णिमा** तक '**जप**' करे। सम्भव हो, तो **चन्द्र-मण्डल** के सामने दृष्टि स्थिर रख कर '**जप**' करे। अथवा **चन्द्रमा का प्रकाश** अपने शरीर पर पड़ सके—इस प्रकार बैठकर '**जप**' करे। **रुद्राक्ष, कमल-गट्टे की 'माला'** से **कौशेय वस्त्र** या **कमल-पुष्प-गर्भित आसन** पर बैठ कर '**जप**' करे। '**प्रयोग**' सोलह मास का है। जैसे-जैसे '**प्रयोग**' आगे बढ़ेगा, उसके प्रभाव दिखाई देने लगेंगे। सोलह से बत्तीस मास में मन की सभी अभिलाषाएँ पूर्ण हो जाएँगी। '**ध्यान**' इस प्रकार करे—

तां स्मरेदभिषेकार्द्रां, पुष्टिदां पुष्टि-रूपिणीम् । मैत्र्यादि-वृत्तिभिश्चार्द्रां, विराजत्-करुणा श्रियम् ॥
दयार्द्रां वेत्र-हस्तां च, व्रत-दण्ड-स्वरूपिणीम् । पिङ्गलाभां प्रसन्नास्यां, पद्म-माला - धरां तथा ॥
चन्द्रास्यां चन्द्र - रूपां च, चन्द्रां चन्द्र-धरां तथा । हिरण्मयीं महा - लक्ष्मीमृचभेतां जपेन्निशि ॥

मन्त्र के अक्षर से **विनियोग, ऋष्यादि-न्यास** कर **चन्द्र-मण्डल** में भगवती का उक्त '**ध्यान**' कर '**जप**' करे। **चन्द्रोदय** के बाद '**जप**' करे। सोलह मास तक '**प्रयोग**' कर **दशांश होम, तर्पण** आदि करे। पुनः सोलह मास का '**प्रयोग**' करना हो, तो **शुक्ल पञ्चमी** से प्रारम्भ करे। '**प्रयोग**' के सङ्कल्प में जितने मास तक '**प्रयोग**' करना हो, उसका उल्लेख करे। '**प्रयोग**' खण्डित न होने दे। **होम-खीर, समिधा, कमल-पुष्प, सफेद तिल, घृत, शहद** आदि से करे। **दशांश तर्पण, मार्जन** आदि करे। इस '**प्रयोग**' के प्रभाव से 'वचन'-सिद्धि होती है, प्रतिष्ठा, वैभव, विपुल प्रमाण में लक्ष्मी की प्राप्ति होती है।

विशेष : प्रत्येक प्रयोग में जिस कार्य-सिद्धि के लिए अथवा जिन अभिलाषा के लिए प्रयोग करना हो, उसका **सङ्कल्प** करे। यदि प्रयोग में **ध्यान और न्यास** नहीं दिया हो, तो सामान्य '**श्रीसूक्त-विधान**' के अनुसार करे। प्रत्येक प्रयोग करनेवाला अथवा ब्राह्मण द्वारा कराया जाय, तो वह प्रयोग-काल में सत्य बोले, क्रोध न करे, सादा भोजन करे, ब्रह्मचर्य पालन करे और जिस अभिलाषा से प्रयोग होता हो, उस कामना को अपने ध्यान में रखे।

* * *

'श्री-सूक्त' से सम्पुटित 'सप्तशती-पाठ'

* पूज्य कापालिक उद्‌बोधनानन्दनाथ जी

विशेष कर्तव्य—प्रयोग-कर्त्ता अपनी कामना के अनुरूप, '**श्री-सूक्त**' की उल्लखित ऋचा से '**सप्तशती**' के उल्लिखित मन्त्र का '**सम्पुटित पाठ**' करे या कराए। '**प्रयोग**' करने के पूर्व अपने नामाक्षर से मित्र वर्ण ऋचा का प्रयोग, जन्माङ्ग में स्थित ग्रहों के विचार-पूर्वक भाग्येश, लाभेश का विचार विशेष लाभदायी होता है। '**स्वस्ति-वाचन**' इत्यादि आवश्यक हैं ही। '**सम्पुट**'-**पाठ** करने का क्या फल है, यह अग्र-लिखित तालिका द्वारा स्पष्ट होता है। '**सम्पुट**' के साथ पाठ हो, तो अति उत्तम। अन्यथा '**सप्तशती**' के प्रत्येक श्लोक के ही साथ '**ऋचा**' का एक पाठ भी हो सकता है। अच्छा होगा, यदि एक-एक '**ऋचा**' से **२१ दिनों तक** '**सम्पुटित पाठ**' किया जाए और फल देखते चलें। जो अनुकूल हो, उसका '**पुरश्चरण**' शतार्ध या शत-चण्डी तक ले चलें।

सम्पुट-पाठ एवं उसके फल की तालिका

सम्पुट-पाठ हेतु ऋचा	दशांश हवन-सामग्री	विशेष क्रिया	फल
१ "**हिरण्य-वर्णा०**"	त्रि-मधु-प्लुत चम्पक पुष्प	९ सुवासिनी-पूजन ९ कुमारी-पूजन	सुवर्ण-वृद्धि
२ "**तां म आवह०**"	तिल आज्य		सुवर्ण-रजत-वृद्धि
३ "**आदित्य-वर्णे०**"		बिल्व-वृक्ष के नीचे सोना, २१ दिनों तक बिल्व-मूल में पाठ करना उसके बाद ९ सुवासिनी का पूजन कर उन्हें भोजन कराए	दरिद्रता-नाश धन-धान्य-समृद्धि
४ "**उपैतु मां०**"	त्रि-मधु-प्लुत जपा पुष्प		यश-वृद्धि
५ "**क्षुत्-पिपासा०**"	श्वेत तिल, सरोज, बिल्व-पत्र, घृत		महा-दारिद्र्य से पीड़ित भी सुख को प्राप्त करे,
६ "**गन्ध-द्वारां०**"	कमल, सफेद तिल, मधु-सर्पिषा-युक्त		क्षौमाम्बर, पट्टाम्बर-वृद्धि
७ "**कर्दमेन प्रजा-भूता०**"	नारिकेल, द्राक्षा त्रि-मधु युक्त		सर्व-सम्पत्ति-वृद्धि
८ "**आपः सृजन्तु०**"	जौ, चावल, घी त्रिमधु-युक्त		धान्य-वृद्धि
९ "**आर्द्रां पुष्करिणीं०**"	त्रि-मधु-युक्त पुआ		पुत्र, जन-बन्धु-समृद्धि
१० "**आर्द्रां यष्करिणीं०**"	दध्ना		देश, ग्राम, पृथ्वी-लाभ
११ "**यः शुचिः०**"	गो-क्षीर		समृद्धि

दारिद्र्य-दहन-विधि

★ पण्डित कृष्णानन्द मिश्र 'वैद्य', ककरा, प्रयाग-राज

परम पूज्य स्वामी श्रीअक्षोभ्यानन्दनाथ जी एवं पण्डित कृष्णानन्द मिश्र 'वैद्य' की कृपा से 'चण्डी'-पत्रिका के पाठकों को अनेकानेक दुर्लभ मन्त्र-यन्त्र की प्राप्ति हुई है। यहाँ 'वाणी-मर्मज्ञ' श्री जनार्दन शर्मा की प्रेरणा से कुल-भूषण पं० रमादत्त जी शुक्ल द्वारा सम्पादित एक और दुर्लभ 'दारिद्र्य-दहन-विधि'-नामक मन्त्र-साधना प्रस्तुत हो रही है। आशा है कि 'चण्डी' के पाठक-बन्धु इससे विशेष रूप से लाभान्वित होंगे।

—ऋतशील शर्मा

१. विनियोग—दाहिने हाथ में जल लेकर आगे का 'मन्त्र' पढ़कर जल भूमिस्थ किसी पात्र में गिरा दें—'ॐ अस्य श्रीकनक-धारा-स्तोत्र-मन्त्रस्य भगवान् शङ्कर ऋषिः; जगती छन्दः, श्री महा-लक्ष्मी भुवनेश्वरी देवता, श्रीं वीजं, ह्रीं शक्तिः, ऐं कीलकं, मम समस्त-दारिद्र-दुःख-निवारण-पूर्वक धनाकर्षण-पाठे विनियोगः।'

२. ऋष्यादि-न्यास—निर्दिष्ट अङ्गों को छूकर दिए गए मन्त्रों से ऋषि आदि का न्यास करे—'ॐ भगवान् शङ्कर-ऋषये नमः शिरसि, ॐ जगती-छन्दसे नमः मुखे, ॐ श्रीमहा-लक्ष्मी-भुवनेश्वरी-देवतायै नमः हृदि, ॐ श्रीं-वीजाय नमः गुह्ये, ॐ ह्रीं-शक्तये नमः पादयोः ॐ ऐं-कीलकाय नमः नाभौ, ॐ मम समस्त-दारिद्र-दुःख-निवारण-पूर्वक धनाकर्षण-पाठे विनियोगाय नमः सर्वाङ्गे।'

३. कराङ्ग-न्यास-ॐ श्रां अंगुष्ठाभ्यां नमः, ॐ श्रीं तर्जनीभ्यां स्वाहा, ॐ श्रूं मध्यमाभ्यां वषट्, ॐ श्रैं अनामिकाभ्यां हुम्, ॐ श्रौं कनिष्ठिकाभ्यां वौषट्, ॐ श्रः करतल-कर-पृष्ठाभ्यां फट्।

४. षडङ्ग-न्यास—ॐ श्रां हृदयाय नमः, ॐ श्रीं शिरसे स्वाहा, ॐ श्रूं शिखायै वषट्, ॐ श्रैं कवचाय हुम्, ॐ श्रौं नेत्र-त्रयाय वौषट्, ॐ श्रः अस्त्राय फट्।

५. ध्यान—हाथ जोड़कर माँ महा-लक्ष्मी का ध्यान करे। यथा—

ॐ लक्ष्मी क्षीर - समुद्र - राज-तनया श्रीरङ्ग-धामेश्वरी।
दासी - भूत समस्त-देव-वनितां त्रैलोक्य-दीपांगराम्।।
श्रीमन्मद-कराक्ष-लब्ध-वियद-ब्रह्मेन्द्र-गङ्गा-धराम्।
त्वां त्रैलोक्य-कुटुम्बिनीं सरसिजां वन्दे मुकुन्द-प्रियाम्।।

६. **मानस-पूजन**—इस प्रकार ध्यान करके **भगवती लक्ष्मी** का '**मानस पूजन**' करे। यथा—

१ **लं पृथिव्यात्मकं गन्धं श्रीमहा-लक्ष्मी-श्रीपादुकाभ्यां नमः अनुकल्पयामि** (अधोमुख-कनिष्ठांगुष्ठ-मुद्रा)। २ **हं आकाशात्मकं पुष्पं श्रीमहा-लक्ष्मी-श्रीपादुकाभ्यां नमः अनुकल्पयामि** (अधोमुख-तर्जनी-अंगुष्ठ-मुद्रा)। ३ **यं वाय्वात्मकं धूपं श्रीमहा-लक्ष्मी-श्रीपादुकाभ्यां नमः अनुकल्पयामि** (ऊर्ध्व-मुख-तर्जनी-अंगुष्ठ-मुद्रा)। ४ **रं वह्न्यात्मकं दीपं श्रीमहा-लक्ष्मी-श्रीपादुकाभ्यां नमः अनुकल्पयामि** (ऊर्ध्व-मुख-मध्यमा-अंगुष्ठ-मुद्रा)। ५ **वं अमृतात्मकं नैवद्यं श्रीमहा-लक्ष्मी-श्रीपादुकाभ्यां नमः अनुकल्पयामि** (ऊर्ध्व-मुख-अनामा-अंगुष्ठ-मुद्रा)। ६ **शं शक्त्यात्मकं ताम्बूलं श्रीमहा-लक्ष्मी-श्रीपादुकाभ्यां नमः अनुकल्पयामि** (ऊर्ध्व-मुख-सर्वांगुलि-मुद्रा)।

६. **श्रीकनक-धारा स्तव-पाठ**—उक्त प्रकार से 'मानस-पूजन' कर '**चिन्तामणि मन्त्र**' से सम्पुटित '**श्रीकनक-धारा-स्तव**' का पाठ करे। यथा—

क-ए-ई-ल-ह्रीं ह-स-क-ह-ल-ह्रीं स-क-ल-ह्रीं श्रीं-क्लीं-ॐ श्रीं-ह्रीं-ऐं ॐ-ह्रीं-ॐ

अङ्गं हरेः पुलक - भूषणमाश्रयन्ती, भृङ्गाङ्गनेव मुकुलाभरणं तमालम्।
अङ्गीकृताखिल-विभूतिरपाङ्ग-लीला, माङ्गल्यदाऽस्तु मम मङ्गल-देवतायाः ।।१

मुग्धा मुहुर्विदधती वदने मुरारेः, प्रेम - त्रपा - प्रणिहितानि गतागतानि।
माला दृशोर्मधुकरीव महोत्पले या, सा मे श्रियं दिशतु सागर- सम्भवायाः।।२

आमीलिताक्षमधिगम्य मुदा मुकुन्दमानन्द - कन्दमनिमेषमनङ्ग - तन्त्रम् ।
आकेकर-स्थित-कनीनिक-पक्ष्म-नेत्रम्, भूत्यै भवेन्मम भुजङ्ग-शयाङ्गनायाः।।३

बाह्वान्तरे मधु-जितः श्रित-कौस्तुभे या, हाराव्रलीव हरि-नील-मयी विभाति।
काम-प्रदा भगवतोऽपि कटाक्ष-माला, कल्याणमावहतु मे कमलालयायाः।।४

कालाम्बुदालि - ललितोरसि कैटभारेर्धाराधरे स्फुरति या तडिदङ्गनेव।
मातुः समस्त-जगतां महनीय-मूर्तिर्भद्राणि मे दिशतु भार्गव-नन्दनायाः।।५

प्राप्तं पदं प्रथमतः किल यत्-प्रभावान्, माङ्गल्य-भाजि मधु-माथिनि मन्मथेन।
मय्यापतेत् तदिह मन्थरमीक्षणार्द्धम्, मन्दालसं च मकरालय- कन्यकायाः।।६

विश्वामरेन्द्र-पद-विभ्रम-दान-दक्षमानन्द-हेतुरधिकं मुर-विद्विषोऽपि।
ईषन्निषीदतु मयि क्षणमीक्षणार्द्धमिन्दीवरोदर - सहोदरमिन्दिरायाः।।७

इष्टा विशिष्ट-मतयोऽपि यया दयार्द्रदृष्ट्या त्रिविष्टप-पदं सुलभं लभन्ते।
दृष्टिः प्रहृष्ट-कमलोदर-दीप्तिरिष्टाम्, पुष्टिं कृषीष्ट मम पुष्कर-विष्टरायाः।।८

दद्याद् दयानुपवनो द्रविणाम्बु-धारामस्मिन्नकिञ्चन-विहङ्ग-शिशौ विषण्णे।
दुष्कर्म-धर्ममपनीय चिराय दूरं, नारायण - प्रणयिनी-नयनाम्बु-वाहः।।९

गीर्देवतेति गरुड-ध्वज-सुन्दरीति, शाकम्भरीति शशि-शेखर- वल्लभेति।
सृष्टि-स्थिति-प्रलय-केलिषु संस्थितायै, तस्यै नमस्त्रिभुवनैक- गुरोस्तरुण्यै ।।१०

श्रुत्यै नमोऽस्तु शुभ-कर्म-फल-प्रसूत्यै, रत्यै नमोऽस्तु रमणीय-गुणार्णवायै।
शक्त्यै नमोऽस्तु शत-पत्र-निकेतनायै, पुष्ट्यै नमोऽस्तु पुरुषोत्तम-वल्लभायै।।११

नमोऽस्तु नालीक-निभाननायै, नमोऽस्तु दुग्धोदधि-जन्म-भूत्यै।
नमोऽस्तु सोमामृत - सोदरायै, नमोऽस्तु नारायण-वल्लभायै।।१२

नमोऽस्तु देव्यै भृगु-नन्दनायै, नमोऽस्तु विष्णोरुरसि स्थितायै।
नमोऽस्तु लक्ष्म्यै कमलालयायै, नमोऽस्तु दामोदर-वल्लभायै।।१३

नमोऽस्तु हेमाम्बुज-पीठिकायै, नमोऽस्तु भूमण्डल-नायिकायै।
नमोऽस्तु देवादि-दया-परायै, नमोऽस्तु शार्ङ्गायुध-वल्लभायै।।१४

स्तुवन्ति ये स्तुतिभिरमूभिरन्वहं, त्रयी - मयीं त्रिभुवन - मातरं रमाम्।
गुणाधिका गुरु-तर-भाग्य-भागिनो, भवन्ति ते भुवि बुध-भाविताशयाः।।१५

क-ए-ई-ल-ह्रीं ह-स-क-ह-ल-ह्रीं स-क-ल-ह्रीं श्रीं-क्लीं-ॐ श्रीं-ह्रीं-ऐं ॐ-ह्रीं-ॐ

७. श्रीसूक्त-पाठ—अब 'चिन्तामणि मन्त्र' से सम्पुटित 'श्रीसूक्त' का पाठ करे। यथा—

क-ए-ई-ल-ह्रीं ह-स-क-ह-ल-ह्रीं स-क-ल-ह्रीं श्रीं-क्लीं-ॐ श्रीं-ह्रीं-ऐं ॐ-ह्रीं-ॐ

हिरण्य-वर्णां हरिणीं, सुवर्ण-रजत-स्त्रजाम्।
चन्द्रां हिरण्मयीं लक्ष्मीं, जातवेदो म आवह ।।१।।

क-ए-ई-ल-ह्रीं ह-स-क-ह-ल-ह्रीं स-क-ल-ह्रीं श्रीं-क्लीं-ॐ श्रीं-ह्रीं-ऐं ॐ-ह्रीं-ॐ

क-ए-ई-ल-ह्रीं ह-स-क-ह-ल-ह्रीं स-क-ल-ह्रीं श्रीं-क्लीं-ॐ श्रीं-ह्रीं-ऐं ॐ-ह्रीं-ॐ

तां म आवह जातवेदो, लक्ष्मीमनपगामिनीम् ।
यस्यां हिरण्यं विन्देयं, गामश्वं पुरुषानहम् ।।२।।

क-ए-ई-ल-ह्रीं ह-स-क-ह-ल-ह्रीं स-क-ल-ह्रीं श्रीं-क्लीं-ॐ श्रीं-ह्रीं-ऐं ॐ-ह्रीं-ॐ

क-ए-ई-ल-ह्रीं ह-स-क-ह-ल-ह्रीं स-क-ल-ह्रीं श्रीं-क्लीं-ॐ श्रीं-ह्रीं-ऐं ॐ-ह्रीं-ॐ

अश्व-पूर्वां रथ-मध्यां, हस्ति-नाद-प्रबोधिनीम् ।
श्रियं देवीमुपह्वये, श्रीर्मा देवी जुषताम् ।।३।।

क-ए-ई-ल-ह्रीं ह-स-क-ह-ल-ह्रीं स-क-ल-ह्रीं श्रीं-क्लीं-ॐ श्रीं-ह्रीं-ऐं ॐ-ह्रीं-ॐ

क-ए-ई-ल-ह्रीं ह-स-क-ह-ल-ह्रीं स-क-ल-ह्रीं श्रीं-क्लीं-ॐ श्रीं-ह्रीं-ऐं ॐ-ह्रीं-ॐ

कांसोऽस्मि तां हिरण्य-प्राकारामार्द्रां ज्वलन्तीं तृप्तां तर्पयन्तीम्।
पद्मे स्थितां पद्म - वर्णां तामिहोपह्वये श्रियम् ।।४।।

क-ए-ई-ल-ह्रीं ह-स-क-ह-ल-ह्रीं स-क-ल-ह्रीं श्रीं-क्लीं-ॐ श्रीं-ह्रीं-ऐं ॐ-ह्रीं-ॐ

क-ए-ई-ल-ह्रीं ह-स-क-ह-ल-ह्रीं स-क-ल-ह्रीं श्रीं-क्लीं-ॐ श्रीं-ह्रीं-ऐं ॐ-ह्रीं-ॐ

चन्द्रां प्रभासां यशसा ज्वलन्तीं श्रियं लोके देव-जुष्टामुदाराम् ।
तां पद्मिनीमीं शरणमहं प्रपद्ये अलक्ष्मीर्मे नश्यतां त्वां वृणोमि ।।५।।

क-ए-ई-ल-ह्रीं ह-स-क-ह-ल-ह्रीं स-क-ल-ह्रीं श्रीं-क्लीं-ॐ श्रीं-ह्रीं-ऐं ॐ-ह्रीं-ॐ

क-ए-ई-ल-ह्रीं ह-स-क-ह-ल-ह्रीं स-क-ल-ह्रीं श्रीं-क्लीं-ॐ श्रीं-ह्रीं-ऐं ॐ-ह्रीं-ॐ

आदित्य - वर्णे तपसोऽधिजातो वनस्पतिस्तव वृक्षोऽथ बिल्वः।
तस्य फलानि तपसा नुदन्तु मायान्तरायाश्च बाह्या अलक्ष्मीः ।।६।।

क-ए-ई-ल-ह्रीं ह-स-क-ह-ल-ह्रीं स-क-ल-ह्रीं श्रीं-क्लीं-ॐ श्रीं-ह्रीं-ऐं ॐ-ह्रीं-ॐ

क-ए-ई-ल-ह्रीं ह-स-क-ह-ल-ह्रीं स-क-ल-ह्रीं श्रीं-क्लीं-ॐ श्रीं-ह्रीं-ऐं ॐ-ह्रीं-ॐ

उपैतु मां देव - सखः, कीर्तिश्च मणिना सह ।
प्रादुर्भूतोऽस्मि राष्ट्रेऽस्मिन्, कीर्तिमृद्धिं ददातु मे ।।७।।

क-ए-ई-ल-ह्रीं ह-स-क-ह-ल-ह्रीं स-क-ल-ह्रीं श्रीं-क्लीं-ॐ श्रीं-ह्रीं-ऐं ॐ-ह्रीं-ॐ

क-ए-ई-ल-ह्रीं ह-स-क-ह-ल-ह्रीं स-क-ल-ह्रीं श्रीं-क्लीं-ॐ श्रीं-ह्रीं-ऐं ॐ-ह्रीं-ॐ

क्षुत्पिपासामलां ज्येष्ठामलक्ष्मीं नाशयाम्यहम् ।
अभूतिमसमृद्धिं च, सर्वां निर्णुद मे गृहात् ।।८।।

क-ए-ई-ल-ह्रीं ह-स-क-ह-ल-ह्रीं स-क-ल-ह्रीं श्रीं-क्लीं-ॐ श्रीं-ह्रीं-ऐं ॐ-ह्रीं-ॐ

क-ए-ई-ल-ह्रीं ह-स-क-ह-ल-ह्रीं स-क-ल-ह्रीं श्रीं-क्लीं-ॐ श्रीं-ह्रीं-ऐं ॐ-ह्रीं-ॐ

गन्ध-द्वारां दुराधर्षां, नित्य-पुष्टां करीषिणीम् ।
ईश्वरीं सर्व-भूतानां, तामिहोपह्वये श्रियम् ।।९।।

क-ए-ई-ल-ह्रीं ह-स-क-ह-ल-ह्रीं स-क-ल-ह्रीं श्रीं-क्लीं-ॐ श्रीं-ह्रीं-ऐं ॐ-ह्रीं-ॐ

क-ए-ई-ल-ह्रीं ह-स-क-ह-ल-ह्रीं स-क-ल-ह्रीं श्रीं-क्लीं-ॐ श्रीं-ह्रीं-ऐं ॐ-ह्रीं-ॐ

मनसः काममाकूतिं, वाचः सत्यमशीमहि।
पशूनां रूपमन्नस्य, मयि श्रीः श्रयतां यशः।।१०।।

क-ए-ई-ल-ह्रीं ह-स-क-ह-ल-ह्रीं स-क-ल-ह्रीं श्रीं-क्लीं-ॐ श्रीं-ह्रीं-ऐं ॐ-ह्रीं-ॐ

क-ए-ई-ल-ह्रीं ह-स-क-ह-ल-ह्रीं स-क-ल-ह्रीं श्रीं-क्लीं-ॐ श्रीं-ह्रीं-ऐं ॐ-ह्रीं-ॐ

कर्दमेन प्रजा - भूता, मयि सम्भव-कर्दम!
श्रियं वासय मे कुले, मातरं पद्म-मालिनीम् ।।११।।

क-ए-ई-ल-ह्रीं ह-स-क-ह-ल-ह्रीं स-क-ल-ह्रीं श्रीं-क्लीं-ॐ श्रीं-ह्रीं-ऐं ॐ-ह्रीं-ॐ

क-ए-ई-ल-ह्रीं ह-स-क-ह-ल-ह्रीं स-क-ल-ह्रीं श्रीं-क्लीं-ॐ श्रीं-ह्रीं-ऐं ॐ-ह्रीं-ॐ

आपः सृजन्तु स्निग्धानि, चिक्लीत वस मे गृहे।
नि च देवीं मातरं श्रियं वासय मे कुले ।।१२।।

क-ए-ई-ल-ह्रीं ह-स-क-ह-ल-ह्रीं स-क-ल-ह्रीं श्रीं-क्लीं-ॐ श्रीं-ह्रीं-ऐं ॐ-ह्रीं-ॐ

क-ए-ई-ल-ह्रीं ह-स-क-ह-ल-ह्रीं स-क-ल-ह्रीं श्रीं-क्लीं-ॐ श्रीं-ह्रीं-ऐं ॐ-ह्रीं-ॐ

आर्द्रां पुष्करिणीं पुष्टिं, पिङ्गलां पद्म-मालिनीम् ।
चन्द्रां हिरण्मयीं लक्ष्मीं, जातवेदो म आवह ।।१३।।

क-ए-ई-ल-ह्रीं ह-स-क-ह-ल-ह्रीं स-क-ल-ह्रीं श्रीं-क्लीं-ॐ श्रीं-ह्रीं-ऐं ॐ-ह्रीं-ॐ

क-ए-ई-ल-ह्रीं ह-स-क-ह-ल-ह्रीं स-क-ल-ह्रीं श्रीं-क्लीं-ॐ श्रीं-ह्रीं-ऐं ॐ-ह्रीं-ॐ

आर्द्रां यष्करिणीं यष्टिं, सुवर्णां हेम-मालिनीम् ।
सूर्यां हिरण्मयीं लक्ष्मीं, जातवेदो म आवह ।।१४।।

क-ए-ई-ल-ह्रीं ह-स-क-ह-ल-ह्रीं स-क-ल-ह्रीं श्रीं-क्लीं-ॐ श्रीं-ह्रीं-ऐं ॐ-ह्रीं-ॐ

क-ए-ई-ल-ह्रीं ह-स-क-ह-ल-ह्रीं स-क-ल-ह्रीं श्रीं-क्लीं-ॐ श्रीं-ह्रीं-ऐं ॐ-ह्रीं-ॐ

तां म आवह जातवेदो लक्ष्मीमनप - गामिनीम् ।
यस्यां हिरण्यं प्रभूतं गावो दास्योऽश्वान्विन्देयं पुरुषानहम्।।१५।।

क-ए-ई-ल-ह्रीं ह-स-क-ह-ल-ह्रीं स-क-ल-ह्रीं श्रीं-क्लीं-ॐ श्रीं-ह्रीं-ऐं ॐ-ह्रीं-ॐ

क-ए-ई-ल-ह्रीं ह-स-क-ह-ल-ह्रीं स-क-ल-ह्रीं श्रीं-क्लीं-ॐ श्रीं-ह्रीं-ऐं ॐ-ह्रीं-ॐ

यः शुचिः प्रयतो भूत्वा जुहुयादाज्यमन्वहम् ।
श्रियः पञ्च-दशर्चं च श्रीकामः सततं जपेत् ।।१६।।

क-ए-ई-ल-ह्रीं ह-स-क-ह-ल-ह्रीं स-क-ल-ह्रीं श्रीं-क्लीं-ॐ श्रीं-ह्रीं-ऐं ॐ-ह्रीं-ॐ

८. विलोम श्री कनक-धारा स्तव-पाठ—अन्त में श्री चिन्तामणि मणि से सम्पुटित 'श्रीकनक-धारा स्तव' का विलोम-पाठ करे। यथा—

क-ए-ई-ल-ह्रीं ह-स-क-ह-ल-ह्रीं स-क-ल-ह्रीं श्रीं-क्लीं-ॐ श्रीं-ह्रीं-ऐं ॐ-ह्रीं-ॐ

स्तुवन्ति ये स्तुतिभिरमूभिरन्वहं, त्रयी-मयीं त्रिभुवन-मातरं रमाम्।
गुणाधिका गुरु-तर-भाग्य-भागिनो, भवन्ति ते भुवि बुध-भाविताशयाः।।१५
नमोऽस्तु हेमाम्बुज-पीठिकायै, नमोऽस्तु भूमण्डल-नायिकायै।
नमोऽस्तु देवादि-दया-परायै, नमोऽस्तु शार्ङ्गायुध-वल्लभायै।।१४
नमोऽस्तु देव्यै भृगु-नन्दनायै, नमोऽस्तु विष्णोरुरसि स्थितायै।
नमोऽस्तु लक्ष्म्यै कमलालयायै, नमोऽस्तु दामोदर-वल्लभायै।।१३
नमोऽस्तु नालीक-निभाननायै, नमोऽस्तु दुग्धोदधि-जन्म-भूत्यै।
नमोऽस्तु सोमामृत - सोदरायै, नमोऽस्तु नारायण-वल्लभायै।।१२

श्रुत्यै नमोऽस्तु शुभ-कर्म-फल-प्रसूत्यै, रत्यै नमोऽस्तु रमणीय-गुणार्णवायै।
शक्त्यै नमोऽस्तु शत-पत्र-निकेतनायै, पुष्ट्यै नमोऽस्तु पुरुषोत्तम-वल्लभायै।।११

गीर्देवतेति गरुड-ध्वज-सुन्दरीति, शाकम्भरीति शशि - शेखर- वल्लभेति।
सृष्टि-स्थिति-प्रलय-केलिषु संस्थितायै, तस्यै नमस्त्रिभुवनैक- गुरोस्तरुण्यै ।।१०

दद्याद् दयानुपवनो द्रविणाम्बु-धारामस्मिन्नकिञ्चन-विहङ्ग-शिशौ विषण्णे।
दुष्कर्म - धर्ममपनीय चिराय दूरं, नारायण-प्रणयिनी-नयनाम्बु-वाहः।।९

इष्टा विशिष्ट-मतयोऽपि यया दयार्द्रदृष्ट्या त्रिविष्टप-पदं सुलभं लभन्ते।
दृष्टिः प्रहृष्ट-कमलोदर-दीप्तिरिष्टाम्, पुष्टिं कृषीष्ट मम पुष्कर-विष्टरायाः।।८

विश्वामरेन्द्र-पद-विभ्रम-दान-दक्षमानन्द-हेतुरधिकं मुर-विद्विषोऽपि।
ईषन्निषीदतु मयि क्षणमीक्षणार्द्धमिन्दीवरोदर - सहोदरमिन्दिरायाः।।७

प्राप्तं पदं प्रथमतः किल यत्-प्रभावान्, माङ्गल्य-भाजि मधु-माथिनि मन्मथेन।
मय्यापतेत् तदिह मन्थरमीक्षणार्द्धम्, मन्दालसं च मकरालय- कन्यकायाः।।६

कालाम्बुदालि-ललितोरसि कैटभारेर्धाराधरे स्फुरति या तडिदङ्गनेव।
मातुः समस्त-जगतां महनीय-मूर्तिर्भद्राणि मे दिशतु भार्गव-नन्दनायाः।।५

बाह्वान्तरे मधु-जितः श्रित-कौस्तुभे या, हारावलीव हरि-नील-मयी विभाति।
काम-प्रदा भगवतोऽपि कटाक्ष-माला, कल्याणमावहतु मे कमलालयायाः।।४

आमीलिताक्षमधिगम्य मुदा मुकुन्दमानन्द - कन्दमनिमेषमनङ्ग - तन्त्रम्।
आकेकर-स्थित-कनीनिक-पक्ष्म-नेत्रम्, भूत्यै भवेन्मम भुजङ्ग-शयाङ्गनायाः।।३

मुग्धा मुहुर्विदधती वदने मुरारेः, प्रेम - त्रपा - प्रणिहितानि गतागतानि।
माला दृशोर्मधुकरीव महोत्पले या, सा मे श्रियं दिशतु सागर- सम्भवायाः।।२

अङ्गं हरेः पुलक - भूषणमाश्रयन्ती, भृङ्गाङ्गनेव मुकुलाभरणं तमालम्।
अङ्गीकृताखिल-विभूतिरपाङ्ग-लीला, माङ्गल्यदाऽस्तु मम मङ्गल-देवतायाः।।१

क-ए-ई-ल-ह्रीं ह-स-क-ह-ल-ह्रीं स-क-ल-ह्रीं श्रीं-क्लीं-ॐ श्रीं-ह्रीं-ऐं ॐ-ह्रीं-ॐ

मुम्बई-शाक्त-सम्मेलन
(आठवाँ अधिवेशन)

संक्षिप्त विज्ञप्ति

ऑटो ड्राइवर के आँखों में आँसू!

हम '**मुम्बई-शाक्त-सम्मेलन**' में **बीजापुर (कर्नाटक)** से अपने बड़े भाई **श्री विष्णुपन्त जी** के साथ आए थे। **शोलापुर (महाराष्ट्र)** में, हमारे साथ **श्री नाबरिया जी** सम्मिलित हुए। '**शाक्त-सम्मेलन**' तीन दिन था। पहले दिन का कार्य-क्रम विधि-वत् सम्पन्न हुआ। दूसरे दिन जब हम तीनों एक ऑटो में '**शाक्त-सम्मेलन**' हेतु निश्चित स्थल को जा रहे थे, तब रास्ते में हम लोगों के बीच **आध्यात्मिक चर्चा** हुई। हम लोगों की **आध्यात्मिक चर्चा** को सुनकर ऑटो को चलाते हुए ड्राइवर ने पीछे मुड़कर हम लोगों को देखा और कुछ कहना चाहा, किन्तु कह न सका। कुछ देर बाद जब हम '**शाक्त-सम्मेलन**' हेतु निर्धारित स्थल पर पहुँचे, तब हमारे बड़े भाई ने ड्राइवर से पूछा–'भय्या कितने रु० देना है?' इस पर ड्राइवर ने कहा–'नहीं साहब आप महान् हैं, आपसे क्या पैसा लेना! कमाई तो मैं करता हूँ, लेकिन आप जैसे गुरु से नहीं!!'

ड्राइवर की बातें सुनकर हमें बहुत आश्चर्य हुआ। ड्राइवर जो कह रहा था, उसे हम मज़ाक भी समझ रहे थे। हमारे बड़े भाई साहब ने उसे फिर से समझाया कि यह आपकी मेहनत की कमाई है और आप इसे कैसे ठुकरा सकते हो? ड्राइवर ने पुनः कहा नहीं मुझे आप लोगों से कमाई नहीं लेनी है। यदि आप देना ही चाहते हैं, तो हमें आशीर्वाद-स्वरूप एक रु० दे दीजिए।

यह सुनकर हम तीनों आश्चर्य-चकित हो गए। उसने हमसे एक ही रु० लिया और आँखों में आँसू भरकर, अपने बैठे हुए स्थल से उतरकर हमारे बड़े भाई साहब के पैर छुए व हमसे भी आशीर्वाद लिया और ऑटो स्टार्ट कर चला गया।

'**मुम्बई**' **में** '**अध्यात्म**' **के कैसे-कैसे प्रेमी** लोग हैं, यह देखकर हमें बहुत आश्चर्य हुआ।

-वासुदेव उपाध्याय
२८० सिद्धि समृद्धि, बङ्गलौर (कर्नाटक)

'**मुम्बई-शाक्त-सम्मेलन**' में
श्री वेणीमाधव जी त्रिपाठी द्वारा
'**कुल-भूषण**' **पं० रमादत्त शुक्ल** जी
के सम्मान की दुर्लभ छवि।

'तन्त्र-शास्त्र' -विषयक दो महत्त्व-पूर्ण पुस्तकें

'कुल-भूषण' पं० रमादत्त जी शुक्ल

द्वारा सम्पादित एवं हिन्दी-रूपान्तरण

१. हिन्दी कुलार्णव तन्त्र

अनुदान १००-००

२. हिन्दी महा-निर्वाण तन्त्र

अनुदान १५०-००

के सजिल्द नवीन संस्करण हेतु

सम्पर्क करें-

'श्रीचण्डी-धाम', कल्याण मन्दिर प्रकाशन

अलोपी-देवी मार्ग, प्रयाग-२११००६

दूरभाष (०५३२) २५०२७८३, ०९४५०२२२७६७